# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# स्वस्थ छत्तीसगढ़
## खुशहाल छत्तीसगढ़



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री

# छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं नई ऊंचाइयों पर

## स्वास्थ्य सुरक्षा

| | | |
|---|---|---|
| **2.42 करोड़** लोगों को आयुष्मान कार्ड **43.33 लाख** लाभान्वित | **70 लाख+** नागरिकों को आयुष्मान आरोग्य मेला से सीधा फायदा | **1.56 करोड़** लोगों की राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत स्क्रीनिंग |

## बेहतर इलाज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेजों में **सीट वृद्धि** और नए अस्पतालों का निर्माण | **875** सरकारी अस्पतालों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेशन | **326** संजीवनी एम्बुलेंस (108), **380** महतारी एक्सप्रेस (102) का संचालन |

## सुरक्षित मातृत्व

संस्थागत प्रसव **70.2%** से बढ़कर **85.7%** तक पहुंचा

गर्भवती महिलाओं को मिल रहा जननी सुरक्षा योजना का लाभ

## नवा रायपुर बनेगा हेल्थ हब

**200 एकड़** में आधुनिक मेडिसिटी

**142 एकड़** में फार्मास्यूटिकल हब




## हर नागरिक तक – गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

**संकल्प से सिद्धि की ओर**




हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹100301/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹122500/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹133721/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

# 11 आईएएस के तबादले आधा दर्जन कलेक्टर हुए इधर-उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन ने मंगलवार को 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया। इसमें आधा दर्जन जिलों के कलेक्टर्स प्रभावित हुए हैं। कोरबा जिले के कलेक्टर अजीत वसंत को सरगुजा का कलेक्टर पदस्थ किया गया है। दंतेवाड़ा कलेक्टर का दायित्व संभाल रहे कुणाल दुदावत को कोरबा कलेक्टर की नई जिम्मेदारी दी गई है।

- रणवीर स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध संचालक संदीपन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार आईएएस भोस्कर विलास संदीपन को छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है, ▶▶|शेष पेज 5 पर

## ये होंगे नए कलेक्टर

- अजित वसंत को सरगुजा
- कुणाल दुदावत को कोरिया
- देवेश कुमार ध्रुव को दंतेवाड़ा
- प्रतिष्ठा ममगाई को बेमेतरा
- नम्रता जैन को नारायणपुर
- अमित कुमार को सुकमा

# आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी ग्रीन, 25 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अबूधाबी

आईपीएल के मिनी-ऑक्शन में मंगलवार को एक बड़ा रिकॉर्ड बना, जब ऑस्ट्रेलिया के प्रतिभाशाली ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। अबू धाबी में चल रहे इस रोमांचक ऑक्शन में, ग्रीन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने भारी-भरकम 25.20 करोड़ की राशि में खरीदा। इस बोली के साथ, कैमरून ग्रीन ने न केवल इस मिनी-ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी का तमगा हासिल किया, बल्कि उन्होंने आईपीएल नीलामी में बिकने वाले विदेशी खिलाड़ियों के पिछले सभी रिकॉर्ड्स को भी तोड़ दिया। इस मिनी ऑक्शन ने साफ कर दिया कि फ्रेंचाइजियां अब केवल बड़े नामों पर नहीं, बल्कि टीम संतुलन और रणनीति पर ज्यादा फोकस कर रही हैं। आने वाले सेटों में तेज गेंदबाजों और स्पिनर्स ▶▶|शेष पेज 5 पर



### कैमरून ने तोड़ा स्टार्क का रिकॉर्ड

कैमरून ग्रीन ने यह रिकॉर्ड अपने ही देश के दिग्गज तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पछाड़ते हुए बनाया। मिचेल स्टार्क को पिछले साल केकेआर ने ही 24.75 करोड़ की राशि में खरीदा था, जो उस समय आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे।

## आज छत्तीसगढ़ के शुभम अग्रवाल पर रहेगी नजर

आईपीएल के ऑक्शन में इस बार शुभम अग्रवाल पर नजर रहेगी। मंगलवार को शुभम का नाम नहीं आया था, लेकिन उम्मीद है कि आज नीलामी में उनका नाम हो सकता है। इस बार छत्तीसगढ़ से केवल एक ही खिलाड़ी आईपीएफ ऑक्शन में पहुंचा है। इससे पहले पंजाब ने शशांक और दिल्ली ने अजय मंडल को रिटेन कर लिया था, जो इस सत्र में भी टीम का हिस्सा रहेंगे। पिछले साल पंजाब ने शशांक को 5.50 करोड़ में रिटेन किया था। वही, अजय मंडल को दिल्ली की टीम ने 30 लाख में खरीदा था। अजय आईपीएल में छत्तीसगढ़ से उतरने वाले चौथे खिलाड़ी थे। इसके पहले शुभम अग्रवाल, शशांक ▶▶|शेष पेज 5 पर

### वेंकटेश अय्यर की कीमत में भारी गिरावट



ऑक्शन में सबसे चौंकाने वाला पहलू वेंकटेश अय्यर की कीमत रही। जिन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा था, वही खिलाड़ी इस बार सिर्फ 7 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खाते में चला गया।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश के 6 सरकारी बैंकों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर ।** प्रदेश सरकार ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं के प्रस्ताव के आधार पर प्रदेश के आधा दर्जन सहकारी बैंकों में नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। इसमें रायपुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का अध्यक्ष निरंजन सिन्हा और उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप को बनाया गया है। इसी तरह से बिलासपुर में रजनीश सिंह (पूर्व विधायक बेलतरा) को अध्यक्ष और रजनी साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सरगुजा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में रामकिशुन सिंह को ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अभिज्ञान दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय



**दुबई।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में नाबाद दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने 125 गेंदों पर नाबाद 209 रन बनाए, जिसमें 17 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। अभिज्ञान ने छक्का लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

## नागपुर, बालोद, धमतरी, रायपुर के युवाओं ने बनाया था प्लान

# डॉक्टर के घर 200 करोड़ होने की सूचना पर फर्जी छापा, फिल्म स्पेशल-26 की तर्ज पर धावा

*रत्नाबांधा रोड स्थित पैथालॉजिस्ट के घर इनकम टैक्स अधिकारी बनकर फर्जी छापेमारी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दर्जन भर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास सूचना थी कि डॉक्टर के पास 200 करोड़ रुपए हैं। छापे में कुछ नहीं मिलने के बाद सब भाग निकले थे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पुलिस के अनुसार पैथालॉजिस्ट डॉ. दिलीप राठौर के रत्नाबांधा रोड स्थित बंगले में 17 नवम्बर को 11.30 बजे 6 से 7 व्यक्ति दो वाहन में पहुंच स्वयं को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। बिना किसी पहचान व बगैर सर्च वारंट के पैथालॉजिस्ट के घर जबरन घुसकर लगभग ढाई घंटे तक घर के सभी कमरों, दराजों, आलमारी एवं लॉकर की तलाशी ली। इस दौरान पैथालॉजिस्ट को घर से बाहर नहीं निकलने दिया। तलाशी में कुछ नहीं मिलने पर आरोपी दो वाहनों में बैठकर फरार हो गये। पैथालॉजिस्ट की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्जकर विवेचना शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया। साइबर सेल के सहयोग से तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर टीमों को नागपुर, दुर्ग, रायपुर, बालोद ▶▶|शेष पेज 5 पर

### खास बातें

- छापा फेल होने के बाद भाग निकले थे आरोपी
- महीनेभर बाद 12 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पूछताछ में सुनाई फिल्मी कहानी




### करोड़ों रुपए होने की सूचना पर बनाई प्लानिंग

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि पैथालॉजिस्ट के घर में 200 करोड़ रुपए होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसी सूचना के आधार पर बालीवुड मूवीज स्पेशल 26 की तर्ज पर आरोपियों ने आपस में संपर्क कर सुनियोजित षडयंत्र रचते हुए फर्जी इनकम टैक्स टीम बनाकर घटना को अंजाम दिया। पैथालॉजिस्ट द्वारा घटना में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई। आरोपियों से लिए गए अलग-अलग बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन टाटा सफारी, स्विप्ट डिजायर एवं स्विप्ट कार सहित आपसी संपर्क में प्रयुक्त मोबाइल फोन तथा नगदी रखने हेतु प्रयुक्त जूट की बोरी को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर पुलिस ने सभी 12 आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### आरोपियों के खिलाफ पूर्व में मामला दर्ज

इस मामले में गिरफ्तार आरोपी दीपक मोहन वर्ड के खिलाफ पारसिवनी थाना नागपुर में धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज है। आरोपी अमन उत्तम मेश्राम के खिलाफ थाना नंदनवन नागपुर सिटी में आर्म्स एक्ट व हत्या के गंभीर मामले दर्ज हैं।

### यह है फर्जी आईटी टीम

*इस वारदात में शामिल बबलू अजबराव नाइक उर्फ नीना मामा पिता अजबराव (43) नागपुर, अर्पण उत्तम मेश्राम पिता उत्तम (25) नंदनवन महाराष्ट्र, अमन उत्तम मेश्राम पिता उत्तम (26) नंदनवन महाराष्ट्र, संजय जगतराव शिवरिया उर्फ बाला पिता जगतराम (52) नागपुर, दीपक मोहन वर्ड पिता मोहन (22) नागपुर, संजय रामटेके पिता राजेन्द्र (34) झुरीपारा बालोद, गजेन्द्र कुमार साहू पिता राजेश (31) ग्राम कुसुमकसा थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद, विवेक उर्फ विक्की कोर्सवाडा पिता द्रोणेन्द्र (33) ग्राम बोरसी थाना पदनाभपुर दुर्ग, उमेश साहू पिता कोमल (30) बजरंग चौक ग्राम भटगांव थाना रूद्री धमतरी, जितेन्द्र कुमार बघेल पिता नीलकंठ (32) निवासी ग्राम* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## डीकेएसजेडसी, तेलगांना स्टेट कमेटी व एओबी डिविजन के सदस्य

# 84 लाख के 34 नक्सलियों का समर्पण, इनमें सात महिलाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशकों से नक्सल संगठन में शामिल 7 महिला समेत 34 नक्सलियों ने मंगलवार को बीजापुर में पुलिस के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों पर 84 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। इनमें डीकेएसजेडसी, तेलगांना स्टेट कमेटी व एओबी डिविजन के सदस्य शामिल है, जिन पर पुलिस पार्टी पर फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट और आगजनी जैसे संगीन मामले दर्ज थे। सभी नक्सलियों ने डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी व एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव व अन्य अधिकारियों के समक्ष समर्पण किया।

*पुलिस पर फायरिंग आईईडी ब्लास्ट आगजनी घटनाओं में थे शामिल, दिया गया 50-50 हजार रुपए*

समर्पित नक्सलियों में केरलापाल एरिया कमेटी डीव्हीसीएम, पीएलजीए कंपनी नम्बर 2 एवं अलग-अलग कंपनी के सदस्य, एसीएम, प्लाटून एवं एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### छत्तीसगढ़ को शांति, विश्वास और उज्ज्वल भविष्य का प्रदेश बनाना संकल्प - सीएम साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा बस्तर अंचल में शांति, विश्वास और विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बीजापुर जिले में 84 लाख के इनामी 34 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागते हुए भारतीय संविधान में आस्था जताई है और समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी की दृढ़ इच्छाशक्ति के अनुरूप छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में चल रहे सतत और ठोस प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की 'पूना मारगेम' नीति ने यह सिद्ध कर दिया है कि संवाद, संवेदनशीलता और विकास, हिंसा से कहीं अधिक प्रभावी समाधान हैं। यह आत्मसमर्पण केवल हथियार छोड़ने की ▶▶|शेष पेज 5 पर

**220 माओवादी मुठभेड़ में ढेर, 824 मुख्यधारा में शामिल**

एसपी ने बताया कि बीजापुर जिले में 1 जनवरी 2024 से अब तक 824 माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। वहीं 1079 माओवादी को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा जिले के अलग अलग इलाकों में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 220 माओवादी को ढेर कर चुके है। शासन की व्यापक नक्सल उन्मूलन ▶▶|शेष पेज 5 पर

# वांतारा की विशेष यात्रा पर लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी के साथ पवित्र भारतीय परंपराओं एवं वन्यजीवों के बीच अविस्मरणीय अनुभव साझा किए...



अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी का आलिंगन करते हुए


















अनंत अंबानी द्वारा मेस्सी से हाथ मिलाकर बातचीत करते हुए

**जामनगर, भारत।** वैश्विक फुटबॉल आइकन लियोनेल मेस्सी ने अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वांतारा का विशेष दौरा किया। इस केंद्र में परंपरानुसार हर पहल की शुरुआत सनातन धर्म के अनुरूप आशीर्वाद लेने से होती है, जो प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान पर बल देता है। मेस्सी की यह यात्रा इसी सांस्कृतिक लोकाचार की झलक थी—उन्होंने पारंपरिक हिंदू अनुष्ठानों में भाग लिया, वन्यजीवों का अवलोकन किया और देखभालकर्ताओं तथा संरक्षण टीमों से संवाद किया। यात्रा के दौरान उनकी गतिविधियों में वह विनम्रता और मानवीय संवेदनशीलता परिलक्षित हुई, जिसके लिए वे व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं, और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते अनंत अंबानी के साथ उनके आत्मीय संबंध और मित्रता भी उजागर हुई।

मेस्सी अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुइस सुआरेज़ और रोड्रिगो डी पॉल के साथ पहुंचे, जहाँ उनका भव्य पारंपरिक शैली में स्वागत किया गया। स्वागत में जीवंत लोकसंगीत, आशीर्वाद और शुभ भावना का प्रतीक पुष्पवर्षा, तथा औपचारिक आरती शामिल थी। फुटबॉल दिग्गज ने मंदिर में महा आरती में भी भाग लिया, जिसमें अंबे माता पूजा, गणेश पूजा, हनुमान पूजा और शिव अभिषेक सम्मिलित थे। इस अवसर पर विश्व शांति और एकता की प्रार्थना की गई, जो भारत की सभी जीव-जंतुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान की शाश्वत परंपरा के अनुरूप है। स्वागत के बाद मेस्सी ने वांतारा के विशाल संरक्षण-परिसर का निर्देशित भ्रमण किया। यह परिसर बचाए गए बड़े बिलौटों (बिग कैट्स), हाथियों, शाकाहारी जीवों, सरीसृपों और दुनिया भर से लाए गए कम उम्र के पशुओं के पुनर्वास व देखभाल का केंद्र है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी कॉम्प्लेक्स और दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स का भी दौरा किया, जहाँ संचालन के पीछे मौजूद विशाल पैमाने और दूरदृष्टि को देखकर उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की।शेरों, तेंदुओं, बाघों और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों के देखभाल केंद्र में मेस्सी ने समृद्ध और प्राकृतिक माहौल में फल-फूल रहे जानवरों के साथ समय बिताया; कई जानवर उत्सुकतापूर्वक उनके पास भी आए। इसके बाद उन्होंने हर्बिवोर केयर सेंटर और रिपटाइल केयर सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विशेष पशु-चिकित्सा देखभाल, अनुकूलित पोषण, व्यवहार-आधारित प्रशिक्षण और सुव्यवस्थित पशुपालन प्रोटोकॉल के तहत जानवरों की उत्कृष्ट देखरेख देखी—जो वन्यजीव कल्याण में वांतारा के वैश्विक नेतृत्व को दर्शाती है। यात्रा के दौरान उन्होंने मल्टी-स्पेशियलिटी वाइल्डलाइफ हॉस्पिटल भी देखा, जहाँ उन्होंने वास्तविक समय में नैदानिक और शल्य-चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, और बाद में ओकापी, गैंडे, जिराफ और हाथियों को खाना भी खिलाया। वैश्विक दृष्टि से उन्होंने देश में वन्यजीव देखभाल और संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। फॉस्टर केयर सेंटर, जो अनाथ और संवेदनशील/कमजोर छोटे जानवरों के लिए समर्पित है, वहाँ मेस्सी ने उनके संघर्ष और पुनर्निर्माण की प्रेरक यात्राओं के बारे में जाना। एक भावुक और हृदयस्पर्शी क्षण में अनंत अंबानी और राधिका अंबानी ने मिलकर एक शेर के शावक का नाम "लियोनेल" रखा—यह नाम अब आशा और निरंतरता का प्रतीक बन गया है, जो फुटबॉल दिग्गज के सम्मान में दिया गया। दौरे का सबसे खास आकर्षण एलिफेंट केयर सेंटर रहा, जहाँ मेस्सी मणिकलाल से मिले—एक बचाया गया हाथी का बच्चा, जिसे दो साल पहले उसकी बीमार माँ प्रतिमा के साथ लकड़ी उद्योग में कठोर श्रम से मुक्त कराया गया था। एक ऐसी घटना में जिसने पूरे केंद्र का दिल जीत लिया, मेस्सी ने मणिकलाल के साथ अचानक एक फुटबॉल-आधारित एनरिचमेंट गतिविधि में भाग लिया और खेल व खेलभावना की सार्वभौमिक भाषा का सुंदर प्रदर्शन किया। हाथी के बच्चे ने इस गतिविधि पर उत्साह से प्रतिक्रिया दी और खेल-खेल में ऐसे अंदाज़ दिखाए, जिनसे उसकी उभरती क्षमताएँ झलकती थीं—यह पल मेस्सी की भारत यात्रा के सबसे यादगार क्षणों में से एक बन गया। अनंत अंबानी ने वांतारा आने और जानवरों व मानवता के प्रति निस्वार्थ रूप से प्रेरणा देने के लिए मेस्सी का आभार व्यक्त किया। इसके उत्तर में मेस्सी ने स्पेनिश में कहा, "वांतारा जो करता है, वह सचमुच बहुत सुंदर है—जानवरों के लिए किया जाने वाला काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, और जिस तरीके से उन्हें बचाकर सुरक्षित रखा जाता है। यह वास्तव में प्रभावशाली है। हमने यहाँ बहुत अच्छा समय बिताया, पूरे समय खुद को पूरी तरह सहज महसूस किया, और यह एक ऐसा अनुभव है जो आपके साथ बना रहता है। इस अर्थपूर्ण कार्य को प्रेरित करने और समर्थन देने के लिए हम निश्चित रूप से फिर से आएँगे।"

यात्रा के अंत में मेस्सी ने नारियल उत्सर्ग और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लिया, जो सद्भावना और शुभ आरंभ का प्रतीक माने जाते हैं। समारोह शांति और कल्याण के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसने उन साझा मूल्यों को रेखांकित किया जो वांतारा के मिशन को मेस्सी की वैश्विक विरासत से जोड़ते हैं। विश्वभर में सामाजिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित लियो मेस्सी फाउंडेशन का नेतृत्व करने वाले मेस्सी ने वांतारा के उद्देश्य के साथ गहरा जुड़ाव व्यक्त किया और जानवरों के लिए करुणामय, विज्ञान-आधारित देखभाल की उसकी दृष्टि की सराहना की।

## जार्डन के बाद इथियोपिया पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी को खुद कार चलाकर होटल ले गए इथियोपियाई पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन का दौरा पूरा करने के बाद इथियोपिया पहुंचे हैं। यह पीएम का पहला इथियोपिया दौरा है। वे यहां 2 दिन के राजकीय दौरे पर हैं। इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने नेशनल पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया है। इससे पहले अहमद अली पीएम मोदी को अदीस अबाबा एयरपोर्ट पर लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर ही अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान पीएम अहमद अली ने मोदी को पारंपरिक कॉफी भी पिलाई। अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को साइंस म्यूजियम और मैत्री पार्क भी दिखाया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने पीएम का स्वागत किया। पीएम ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात भी। इस दौरान एक बच्ची ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया।

### आतंकवाद पर मिले समर्थन का जताया आभार

नेशनल पैलेस में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से मुलाकात के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिले समर्थन के लिए आभार जताया. प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर इथियोपिया द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाओं और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में मिले समर्थन का भारत दिल से सम्मान करता है. इस दौरान दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, विकासात्मक सहयोग, व्यापार, निवेश समेत 8 मुद्दों पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में मित्र देशों का समर्थन हमें मजबूती देता है। हम इथियोपिया के साथ इस साझा सोच और सहयोग की सराहना करते हैं।'



द्विपक्षीय बैठक में 8 मुद्दों पर बनी सहमति

## जार्डन संग 5 अरब डॉलर का व्यापार करेगा भारत

इथोपिया रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने मंगलवार को ही अम्मान में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ 'भारत-जॉर्डन व्यापार मंच' को संबोधित किया। जिसमें सबसे पहले उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए अगले पांच वर्षों यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा है। वहीं, ये भी साफ किया कि भारत-जॉर्डन एक साथ मिलकर घरेलू से इतर पूरी दुनिया के लिए एक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला साझेदार बनने के मकसद से हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने कहा, दुनिया में कई देशों की सीमाएं तो कई के बाजार मिलते हैं। लेकिन हमारे संबंध ऐसे हैं। जहां ऐतिहासिक विश्वास और भविष्य के आर्थिक अवसर एक साथ मिलते हैं। पीएम ने बताया कि किंग अब्दुल्ला के साथ मैंने भौगोलिक स्थिति को अवसर और अवसर को विकास में तब्दील करने के मामले पर विस्तार से चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने 16 दिसंबर को जारी किए गए एक बयान के जरिए पीएम मोदी के भाषण को मीडिया से साझा किया है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री बीते 15 दिसंबर को अपनी तीन देशों (जॉर्डन, इथोपिया और ओमान) की राजकीय यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में अम्मान पहुंचे थे। जहां उनकी

### मोदी ने 'भारत-जॉर्डन व्यापार मंच' को किया संबोधित



जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, प्रधानमंत्री डॉ.जाफर हसन और क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला-द्वितीय से मुलाकात हुई।

## खबर संक्षेप

### ममता को झटका, राज्यपाल ही होगा बंगाल में चांसलर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाले यूनिवर्सिटीज के प्रशासनिक बदलाव को लेकर विवाद और गहरा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन संशोधन विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है, जिनके तहत राज्य के यूनिवर्सिटीज में चांसलर के पद पर राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को नियुक्त करने का प्रावधान किया गया था। इस फैसले के साथ ही यह तय हो गया कि मौजूदा व्यवस्था बरकरार रहेगी और वर्तमान राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ही यूनिवर्सिटीज के चांसलर बने रहेंगे।



### चीन ने समुद्र के पानी से बनाया भविष्य का पेट्रोल

**बीजिंग।** चीन ने समुद्र के पानी से भविष्य का ईंधन बना कर वैज्ञानिकों और अर्थशास्त्रियों दोनों को चौंका दिया है। दरअसल चीन ने शानडोंग प्रांत में एक ऐसी फैक्ट्री शुरू की है, जो समुद्र के पानी से भविष्य का पेट्रोल यानी कि 'ग्रीन हाइड्रोजन' तैयार करती है। बस इतनी ही नहीं यह फैक्ट्री समुद्र के पानी को ग्रीन ईंधन के साथ-साथ साफ पीने के पानी में भी बदल रही है। चीन का यह अजूबा दुनिया की दो बड़ी समस्याओं, पीने के पानी की कमी और पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों का पर्यावरण पर बढ़ते बोझ को एक साथ हल कर देता है।

### बिलों के हिंदी शब्द गैर-हिंदी भाषियों का अपमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने सरकार की तरफ से संसद में पेश होने वाले बिलों के टाइटल में हिंदी शब्दों के इस्तेमाल की बढ़ती प्रथा की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों का अपमान है। दंबरम ने कहा कि गैर-हिंदी भाषी लोग ऐसे बिल/एक्ट को नहीं पहचान सकते जिनके टाइटल अंग्रेजी अक्षरों में लिखे हिंदी शब्दों में हों। वे उनका उच्चारण भी नहीं कर सकते। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मनरेगा के नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025' पर अपनी राय रखी।



## शिक्षामंत्री ने कहा- विश्वविद्यालयों में कई स्तरों की मंजूरी प्रक्रिया खत्म करना उद्देश्य

# यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीटीई होंगे समाप्त विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल 2025: केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' पेश किया। यह विधेयक देश की उच्च शिक्षा नियामक व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव लाने और विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों पर मौजूद कई स्तरों की मंजूरी प्रक्रिया को खत्म करने के उद्देश्य से लाया गया है। यह विधेयक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की मूल भावना पर आधारित है, जिसमें उच्च शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, अकादमिक स्वायत्तता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। यह विधेयक संविधान की सातवीं अनुसूची की संघ सूची के एंट्री 66 के अंतर्गत लाया गया है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों में मानकों के निर्धारण और समन्वय से संबंधित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 दिसंबर 2025 को इस विधेयक को मंजूरी दी थी, जिसके बाद इसे संसद में पेश किया गया।

### उच्च शिक्षा नियामक व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव का दावा



### उच्च शिक्षा के लिए एकल शीर्ष संस्था

विधेयक के तहत एक नई शीर्ष संस्था 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान' की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत तीन अलग-अलग परिषदें काम करेंगी, जो इस प्रकार हैं। विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद – नियामक परिषद, विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद – प्रत्यायन परिषद, विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद – मानक निर्धारण परिषद।

### आईआईटी, आईआईएम की स्वायत्ता रहेगी बरकरार

### यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई कानून होंगे निरस्त

यदि यह विधेयक कानून बनता है तो, यूजीसी एक्ट, 1956, एआईसीटीई एक्ट, 1987, एनसीटीई एक्ट, 1993 को निरस्त कर दिया जाएगा। इन संस्थाओं के अंतर्गत आने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थान अब विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान के दायरे में आएंगे।

**इनकी स्वायत्ता रहेगी बरकरार**

हालांकि, काउंसिल ऑफ ऑर्किट्रेक्चर (सीओए) एक पेशेवर मानक निर्धारण संस्था के रूप में कार्य करती रहेगी। वहीं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईआईटी, आईआईएम आदि) की स्वायत्तता पहले की तरह बरकरार रहेगी।

### ओलंपिक गेम्स के लिए मेजबानी की दावेदारी पेश करेगा भारत



खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि ओलंपिक गेम्स के लिए भारत मेजबानी की दावेदारी पेश करेगा। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार यूथ समर ओलंपिक 2029 और समर ओलंपिक 2036 की मेजबानी करना चाहती है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स भी भारत करवाने जा रहा है। खेल मंत्री ने दावा किया है कि 2047 तक दुनिया के पहले 5 मेडल विनर में भारत का नाम होगा। ठाकुर ने कहा कि 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी का मौका भारत को मिले, इसके लिए कड़ी कोशिश करनी होगी। अगर ऐसा होता है तो खिलाड़ियों का और भी मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि 2014 से 2025 तक भारत में युवाओं के लिए बड़े कदम उठाए गए। पीएम मोदी ने पहले दिन से कहा कि वो खिलाड़ियों और खेल के साथ कुछ नहीं होने देंगे।

### डिजिटल पोर्टल से होगी निगरानी

नियामक परिषद एक सार्वजनिक डिजिटल पोर्टल संचालित करेगी, जहां एचईआईएस को प्रशासन, वित्तीय स्थिति, ऑडिट, इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, शैक्षणिक परिणाम से जुड़ी जानकारी साझा करनी होगी। यही डेटा प्रत्यायन का आधार बनेगा। विधेयक में मानक निर्धारण, नियमन, प्रत्यायन को पूरी तरह अलग-अलग परिषदों को सौंपा गया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।
**छात्र-केंद्रित सुधार है यह :** प्रधान ने कहा, यह विधेयक छात्रों और युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। फिलहाल विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को कई नियामक संस्थाओं से अलग-अलग मंजूरी लेनी पड़ती है, जिससे बार-बार निरीक्षण और अत्यधिक नियंत्रण की स्थिति बनती है। नया कानून, फेसलेस, टेक्नोलॉजी आधारित और सिंगल-विंडो सिस्टम पर काम करेगा, जो पब्लिक सेल्फ-डिस्क्लोजर और ट्रस्ट-बेस्ड रेगुलेशन पर आधारित होगा।

## विपक्ष ने उठाए सवाल, किया प्रदर्शन

# मनरेगा को लेकर संसद के भीतर-बाहर संग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद के भीतर और बाहर मंगलवार को बापू के नाम पर दंगल मचा। दरअसल, केंद्र सरकार ने 20 साल पुराने रोजगार गारंटी के मनरेगा कानून की जगह नया कानून लाने की तैयारी की है। विकसित भारत-रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण, यानी 'वीबी-जी-राम-जी' कानून। केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में ये बिल पेश किया तो हंगामा हो गया। प्रियंका गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने महात्मा गांधी की फोटो लेकर केंद्र सरकार के नये कानून व मनरेगा का नाम बदलने का विरोध किया। विपक्ष के सभी नेताओं ने एक सुर से मनरेगा का नाम जी राम जी करने का विरोध किया तो पुराने कानून को खत्म करके नया कानून बनाने की मंशा पर भी तमाम सवाल उठाए।



### 'महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान : राहुल

इधर, कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया- 'मोदीजी को दो चीजों से पक्की नफरत है – महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है – करोड़ों ग्रामीणों की जिंदगी का सहारा है, जो कोविड काल में उनका आर्थिक सुरक्षा कवच भी साबित हुआ। मगर, प्रधानमंत्री मोदी को यह योजना हमेशा खटकती रही, और पिछले दस सालों से इसे कमजोर करने की कोशिश करते रहे हैं। आज वो मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है।

**सरकार का तर्क :** इधर, सरकार का कहना है कि 20 साल में देश बहुत बदल गया है इसलिए मनरेगा की जगह जी राम जी की जरूरत है। सरकार का तर्क है कि इस कानून से भारत के व्यस्क नागरिक को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी पुराने कानून में बदलाव जरूरी थे क्योंकि भ्रष्टाचार बढ़ गया था, लक्ष्य नहीं प्राप्त हो रहे थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- लोकसभा में अकेले जांच समिति क्यों बनाई

# जस्टिस वर्मा कैश कांड मामले में लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को नोटिस जारी किया। याचिका में वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए लोकसभा द्वारा अकेले बनाई गई तीन सदस्यीय जांच समिति की वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। फिर भी लोकसभा ने अकेले जांच समिति बनाई जो कि गलत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजे मसीह की बेंच ने लोकसभा स्पीकर कार्यालय और दोनों सदनों के महासचिवों से जवाब मांगा है। जस्टिस दत्ता ने पूछा- राज्यसभा में प्रस्ताव नामंजूर हुआ फिर भी लोकसभा में समिति बनाई गई। संसद में इतने सारे सांसद और कानूनी विशेषज्ञ मौजूद थे, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, संसद में मौजूद कानूनी विशेषज्ञों ने इसे होने कैसे दिया?



**ये है मामला :** 14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।

### संविधान का उल्लंघन है जांच समिति

7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनल कमेटी की रिपोर्ट और सीजेआई खन्ना की सिफारिश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद जस्टिस वर्मा ने 1968 के जज जांच कानून के तहत शुरू हुई कार्रवाई को चुनौती देते हुए नई याचिका दायर की है। लोकसभा अध्यक्ष ने जज (जांच) कानून 1968 की धारा 3(2) के तहत के जांच पैनल बनाया, जिसे संविधान के खिलाफ बताया गया है। याचिका में 12 अगस्त 2025 की लोकसभा स्पीकर की कार्रवाई को असंवैधानिक घोषित कर रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले तीन हाईकोर्ट जजों की जांच में जस्टिस वर्मा दोषी पाए गए और उन्हें हटाने की सिफारिश हुई थी।

## फुटबॉल ग्राउंड पर लैंडिंग... प्लेन क्रैश

### मैक्सिको में हादसा 7 लोगों की मौत विमान फैक्ट्री की छत से टकराया



**मेक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। प्राइवेट प्लेन अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबॉल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई।

## पुलिस बोली- साजिद का भारत से कोई सीधा संबंध नहीं

# तेलंगाना का रहने वाला था ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच का हमलावर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेलंगाना पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले में अहम जानकारी साझा की है। पुलिस के मुताबिक इस घटना का संदिग्ध साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला है, लेकिन वह करीब 27 साल पहले ऑस्ट्रेलिया चला गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साजिद अकरम का हैदराबाद में अपने परिवार से बहुत सीमित संपर्क रहा है। लंबे समय से वह भारत में अपने रिश्तेदारों के संपर्क में नहीं था और उसका जीवन पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया में ही केंद्रित था।

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए हमले से इस्लामिक स्टेट के तार जुड़ने की बात सामने आई है। इसी बीच, एक और चौंकाने वाला दावा सामने आया है। फिलीपींस ने दावा किया है कि पाकिस्तानी मूल के पिता-पुत्र भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट का इस्तेमाल कर ऑस्ट्रेलिया पहुंचे और सिडनी में खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इस आतंकी हमले के आरोपी बाप-बेटे (24 साल का नवीद अकरम और उसके 50 साल के पिता साजिद) ने कुछ हफ्ते फिलीपींस की यात्रा की थी। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि दोनों का वहां जाने का मकसद क्या था, किन स्थानों पर ठहरे और किन लोगों से उन्होंने संपर्क किया। रॉयटर्स ने ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमलावर साजिद ने भारत और नवीद ने ऑस्ट्रेलिया के पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले में घायल 40 लोगों में तीन भारतीय छात्र भी शामिल हैं। यह जानकारी मंगलवार को आई एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। ऑस्ट्रेलिया टुडे न्यूज पोर्टल के अनुसार, इन तीन में से दो छात्रों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रविवार को हुए हमले में घायल भारतीय छात्रों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बताया गया है कि गोलीबारी के दौरान भारतीय छात्रों को चोटें आईं। लेकिन उनकी हालत को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



इस हमले में घायल 40 लोगों में तीन भारतीय छात्र भी हैं शामिल

### ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ साझा की गई जानकारी

तेलंगाना पुलिस की शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि साजिद अकरम या उसके बेटे नवीद अकरम के कट्टरपंथी बनने के पीछे जो कारण रहे, उनका भारत या तेलंगाना में किसी स्थानीय प्रभाव से कोई संबंध नहीं है। पुलिस का कहना है कि इस प्रक्रिया में किसी भारतीय संगठन, व्यक्ति या नेटवर्क की भूमिका नहीं पाई गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मामले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ साझा की जा रही है, ताकि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ सके। साथ ही यह भी दोहराया गया कि भारत में इस घटना से जुड़ा कोई प्रत्यक्ष लिंक अब तक सामने नहीं आया है। तेलंगाना डीजीपी कार्यालय ने एक बयान में कहा गया है कि साजिद अकरम ने हैदराबाद से बी.कॉम की पढ़ाई पूरी की और नवंबर 1998 में रोजगार की तलाश में ऑस्ट्रेलिया चला गया।

## एसआईटी जांच करेगी, स्टेडियम सीईओ को हटाया

# मेसी विवाद, बंगाल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर बिस्वास का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने इस्तीफा दे दिया है। 13 दिसंबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में हुई तोड़फोड़ और अव्यवस्था की घटना के बाद उन्होंने सीएम ममता को इस्तीफे की पेशकश की थी। जो मंगलवार को स्वीकार हुआ। नया खेल मंत्री बनाए जाने तक ममता खुद ये पद संभालेंगी। टीएमसी सांसद कुनाल घोष ने फेसबुक पोस्ट में जानकारी दी कि अरूप बिस्वास ने सीएम बनर्जी को पत्र लिखकर उन्हें खेल मंत्री के दायित्व से मुक्त करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस्तीफे की एक कॉपी भी अपनी पोस्ट में शेयर की थी। हालांकि वो आधिकारिक लेटरहेड नहीं थी।



**ममता का सख्त एक्शन :** इधर, स्टेडियम की घटना पर सीएम ममता ने सख्त एक्शन लिया है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नर, डीजीपी और खेल विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिन्हा को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है।

रायपुर
बुधवार, 17 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 24, अंक : 149
पृष्ठ : 12+12 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.8
न्यून. 13.4

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### पीएम मोदी को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान' से सम्मानित किया है। उन्हें इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने यह सम्मान दिया। इथियोपिया दुनिया का 28वां देश है, जिसने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया है।*




*बेंगलुरु में रह रही थी, कोल घोटाले में जमानत पर थी सौम्या, आज किया जाएगा कोर्ट में पेश*

# सौम्या पर अब शराब घोटाले में ईडी का फंदा, पूछताछ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने सौम्या को पूछताछ के लिए सुबह ईडी दफ्तर बुलाया था। दिनभर पूछताछ के बाद शाम को ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 3200 करोड़ का शराब घोटाला

उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में यह भी पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया था। इस घोटाला के मुख्य आरोपियों में सौम्या का नाम भी शामिल है। इसके अलावा इस घोटाला में आबकारी विभाग के 28 आबकारी अधिकारी भी आरोपी बनाए गए थे, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

*अम्बिकापुर-बनारस स्टेट आइवे से 1 किमी दूर है घटनास्थल*

# पोस्टमार्टम में हाई वोल्टेज करंट से बाघ की मौत होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

हरिभूमि फॉलोअप

सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र घुई के घोंघा जंगल में बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई है। प्राथमिक जांच में ग्राम घोंघा के कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध शिकार के लिए करंट की बाड़ लगाने की संभावना पर ▶▶|शेष पेज 5 पर



### आरोपियों का मिला सुराग

पीएम में करंट से बाघ की मौत होने की पुष्टि हुई है। बाघ के 8 नाखून एवं चार दांत गायब हैं। आरोपियों के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।
-दुलेश्वर साहू, डीएफओ, सूरजपुर

### हाईकोर्ट ने ऐसे मामलों को स्वतः संज्ञान में लिया

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में हो रही जंगली जानवरों की संदिग्ध मौत और अवैध शिकार की आशंका से जुड़े मामलों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की और राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्यजीव वार्डन को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल ▶▶|शेष पेज 5 पर

**मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर सुबह-सुबह हुआ वीभत्स हादसा, पॉलिथीन में ले जाए गए शवों के टुकड़े**

# कोहरे का कोहराम, कई वाहन भिड़े, सात बसों व दो कारों में लगी आग, 13 जिंदा जले, 35 से ज्यादा झुलसे



एजेंसी ▶▶| मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के सात बस व तीन गाड़ियों के आपस में टकराने के बाद कई वाहनों में लगी आग में झुलसने से 13 लोगों की मौत हो गई और 35 से ज्यादा लोग घायल भी हुए है। आगरा से नोएडा की ओर जा रही लेन में घने कोहरे और तेज रफ्तार के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते सात बसों और दो कारों में आग लग गई। इसमें मृतकों के शवों के टुकड़ों को पॉलीथीन में ले जाया गया ताकि डीएनए टेस्ट से उनके परिवार का पता चल सके।

### हादसे के शिकार लोगों के परिजनों को मुआवजा




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश दिया है। सीएमओ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि घायलों का तत्काल, समुचित एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### 7 बसें और 2 कारें जलकर खाक

*हादसे में शामिल सात बसें और दो कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दमकल विभाग को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।*

### मृतकों और घायलों की स्थिति

जिला प्रशासन के अनुसार, अब तक तीन मृतकों की पहचान हो चुकी है। इनमें प्रयागराज निवासी आजिलेंद्र प्रताप यादव और आजमगढ़ निवासी रामपाल शामिल हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि 20 से अधिक एंबुलेंस के जरिए घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने भी 13 मौतों की पुष्टि की है।



### एक के बाद एक वाहनों में लगी आग

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तड़के कोहरा अधिक होने से दृश्यता लगभग शून्य थी। तभी 8 बस और 3 कार आपस में टकराते चले गए। टक्कर के बाद वाहनों में तुरंत आग लग गई, जिससे कई यात्रियों और कार सवारों को खुद को बचाने और प्रतिक्रिया करने का मौका नहीं मिला। आग एक के बाद एक वाहनों में फैलती चली गई।

**अब मुख्य बजट और अनुपूरक को मिलाकर दो लाख करोड़ पहुंचा सरकार का बजट**

# छत्तीसगढ़ सरकार का 35 हजार करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट सर्वसम्मति से पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को राज्य का अब तक का सबसे बड़ा अनुपूरक बजट 35 हजार करोड़ रुपयों का पारित हो गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यह अनुपूरक पेश किया था। अनुपूरक पर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों की चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस अनुपूरक में 1937 करोड़ रुपयों के प्रस्ताव पूंजीगत व्यय से संबंधित हैं। बाकी करीब 33 हजार करोड़ रुपए का प्रस्ताव राजस्व व्यय से संबंधित है। उन्होंने ये भी कहा कि इतना बड़ा अनुपूरक पेश करना कोई अच्छा विषय नहीं है। लेकिन इसे पुरानी वित्तीय समस्याओं के समाधान के लिए लाया गया। उन्होंने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार बड़ी उधारी छोड़ गई थी। इसमें मार्कफेड का 22 हजार करोड़, नान का पांच हजार करोड़, आयुष्मान भारत का 2 हजार करोड़, ▶▶|शेष पेज 5 पर



■ वित्त मंत्री ने कहा- पिछली सरकार ने सही तरीके से नहीं किया वित्तीय प्रबंधन

### अनुपूरक में किए गए हैं ये प्रावधान


अनुपूरक बजट में कृषि विकास एवं किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कृषक उन्नति योजना के लिए अनुपूरक में 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। किसानों के पांच एचपी तक के पंपों के लिए मुफ्त बिजली बिल हेतु 1700 करोड़ ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अनुपूरक पारित

सदन में चर्चा उपरांत अनुपूरक बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अनुपूरक बजट को मिलाकर छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2025-26 का कुल बजट 2 लाख करोड़ रूपए का हो गया है। बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के अनेक सदस्यों ने भाग लेकर अपने विचार रखे। चर्चा में अजय चंद्राकर, राघवेन्द्र सिंह, उमेश पटेल, धर्म जीत सिंह, रामकुमार यादव, भावना बोहरा, लता उसेंडी, धरमलाल कौशिक, संगीता सिंहा, कुंवर निषाद, नीलकंठ टेकाम तथा द्वारिका यादव ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### बीबीसी पर ठोका 10 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग करते हुए बीबीसी के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित तरीके से व्यापार करने का आरोप लगाया। बीबीसी ने ट्रंप को ''झूठा, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ बताया था।

# 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया नायब तहसीलदार का बाबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सोनगरा

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नायब तहसील के बाबू को 25 हजार रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा है। बाबू ने ग्रामीण के क्षतिग्रस्त हुए मकान के मुआवजा प्रकरण के एवज 40 हजार की मांग की थी और 15 हजार रुपए रिश्वत ले भी ली थी। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ▶▶|शेष पेज 5 पर



■ मकान क्षतिपूर्ति मुआवजा जारी करने के नाम पर मांगे थे 40 हजार, पूर्व में ले चुका था 15 हजार

### भृत्य को बाबू बनाकर बैठाया गया

*इस मामले में जो सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात सामने आई है उसके मुताबिक रिश्वतखोर बाबू लोखन राम सोरी का मूल पद भृत्य है और वह शासकीय उमावि जरही का कर्मचारी है। पिछले तीन वर्षों से सांठगांठ* ▶▶|शेष पेज 5 पर

# लूथरा ब्रदर्स की मिली रिमांड आज गोवा लेकर जाएगी पुलिस

**नई दिल्ली।** गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब अग्निकांड मामले के मुख्य आरोपी तथा क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचते ही दोनों भाईयों को दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। गोवा पुलिस दोनों को आज बुधवार सुबह गोवा ले जाकर वहां की कोर्ट में पेश करेगी। दोनों पर बिना परमिट क्लब चलाने समेत कई आरोप लगाए गए हैं।



### लूथरा बंधुओं को कड़ी सजा दिलाने पर जोर

गोवा सरकार ने नाइट क्लब में आग लगने के मामले में लूथरा बंधुओं की लापरवाही और अपराध के लिए उनको कड़ी सजा दिलाने की तैयारी की है। गोवा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 लगाई है, जिसके तहत 10 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।जांचकर्ता लूथरा बंधुओं के खिलाफ मजबूत सबूत जुटा रहे हैं।




# जय श्रीराम के जयकारों के साथ वेदांती महाराज को दी जल समाधि



**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के वरिष्ठ संत डॉ. रामविलास दास वेदांती के निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर एमपी से उनके आवास 'हिंदू धाम' लाया गया, जहां संत-समाज, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई तथा सरयू नदी में जल समाधि दी गई।

*नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को राहत*

# हेराल्ड केस में ईडी को झटका कोर्ट ने कहा- सुनवाई योग्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को राहत मिली है। दिल्ली की एक कोर्ट ने मंगलवार को सोनिया और राहुल के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले का संज्ञान लेने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह मामला एक निजी शिकायत पर आधारित है न कि किसी एफआईआर पर। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दायर की गई शिकायत सुनवाई योग्य नहीं है। ईडी ने कहा है कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। कोर्ट द्वारा दिए इस फैसले के बाद कांग्रेस ने इसे सत्य की जीत बताया है।



### मामला निजी शिकायत पर : कोर्ट

कोर्ट ने कहा कि यह मामला एक निजी शिकायत पर आधारित है न कि किसी एफआईआर पर। कोर्ट ने कहा कि धारा 3 के तहत परिभाषित और धारा 4 के तहत दंडनीय धनशोधन के अपराध से संबंधित जांच और उसके परिणामस्वरूप अभियोग शिकायत एफआईआर या अधिनियम की अनुसूची में उल्लिखित अपराध के अभाव में सुनवाई योग्य नहीं है।

## चिंतन

# भारत-जॉर्डन साझेदारी को मिलेगी नई गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन यात्रा आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से काफी अहम रही। इससे न केवल साझेदारी और सहयोग को गति मिलेगी, बल्कि आपसी रिश्ते भी और मजबूत होंगे। यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है और पश्चिम एशिया में भारत के प्रभाव को बढ़ाने के लिए एक अहम कदम भी है। अक्सर देखने में आ रहा है कि जब भी पीएम नरेंद्र मोदी विदेश दौरे पर रवाना होते हैं, तो यह केवल एक औपचारिक दौरा नहीं होता, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी होता है। जो देश के विकास और मजबूती को नया आयाम देता है। बता दें कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 37 वर्षों में जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा रही है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हुई इस यात्रा से भारत-जॉर्डन साझेदारी को नई गति मिली है और दोनों देशों के बीच विश्वास तथा आपसी समझ भी बढ़ी है। पीएम मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्व रखती है कि जॉर्डन दुनिया के उन देशों में से एक है, जिसने स्वतंत्र देश के रूप में भारत से शुरुआती दौर में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देशों के बीच सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए पहला द्विपक्षीय समझौता 1947 में हुआ था और 1950 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए थे। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी दशकों से मजबूत रहे हैं। दोनों देश शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल-हुसैन के साथ व्यापक बातचीत की। वहीं, जॉर्डन ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। बता दें कि जॉर्डन भारत को फॉस्फेटिक उर्वरकों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। भारत की बढ़ती उर्वरक मांग को पूरा करने के लिए दोनों देशों की कंपनियों ने जॉर्डन में और निवेश करने के लिए बातचीत की। पीएम मोदी ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर अहम चर्चा हुई। रुपे कार्ड के उपयोग सहित डिजिटल लेनदेन के एक आशय पत्र, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प के रूप में नागरिक परमाणु ऊर्जा पर भी बात हुई। इसके अलावा पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जॉर्डन के पेट्रा और भारत के एलोरा पर्यटन स्थलों के बीच संबंध स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। जॉर्डन के बाद मोदी इथोपिया और ओमान का दौरा भी करेंगे। पीएम के विदेश दौरे दर्शाते हैं कि आज भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। उनकी यह यात्रा भारत की उसी छवि को और सशक्त करती है। वैश्विक मुद्दों पर भारत की भूमिका को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की आवाज और प्रभाव बढ़ेगा।



नशामुक्ति
डॉ. रमेश ठाकुर

मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

# नशे के खिलाफ मालदीव मॉडल जरूरी

मालदीव ने अपनी मौजूदा और आगामी पीढ़ी को सेहतमंद रखने के लिए मुल्क को धूम्रपान मुक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया है। कोई युवा धूम्रपान न कर सके, इसके लिए 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' नाम का एक सख्त और बेहद कठोर कानून बनाया है। कानून के मुताबिक वर्ष-2007 के बाद मालदीव में जन्में लोग अब भविष्य में कभी भी किसी सूरत में स्मोकिंग नहीं कर पाएंगे। अगर ऐसा किसी ने भूलवश किया, तो उसे भारी जुर्माना चुकाना होगा। कानून को पिछले महीने यानी 15 नवंबर से पूरे देश में लागू कर दिया गया है। मालदीव में अब तंबाकू-खैनी, गुटखा, बीड़ी सिगरेट, चरस-गांजा, अफीम या ई-सिगरेट को खरीदना और बेचना अपराध की श्रेणी में है।

कोई दुकानदार अगर खुदा न खास्ता चोरी छिपे किसी को तंबाकू बेचता पकड़ा गया, तो उसे 50,000 मालदीवियन रूफिया यानी 2.88 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। वहीं, ई-सिगरेट या वेपिंग करते पकड़े जाने पर 5,000 रूफिया यानी 29,000 हजार रुपये बतौर जुर्माना देने होंगे। दूसरी बार जुर्माना लगने पर ड्राइविंग लाइसेंस को हमेशा के लिए निरस्त करने का प्रावधान है। ये नियम मालदीव जाने वाले अन्य देशों के लोगों पर भी लागू है। इस अनोखे कानून का सबसे सुखद पहलू ये है कि उसे सत्ता और विपक्ष की आम सहमति से संसद में पारित किया गया। देश वासियों ने बाकायदा जश्न मनाया। कानून बनने की खुशी में पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने मिलकर पार्टी भी आयोजित की और एक-दूसरे को बधाइयां दीं। दरअसल, धूम्रपान ऐसी आधुनिक बीमारी के रूप में उभर चुकी है जिसने तकरीबन प्रत्येक के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। वाजिब सवाल यहां ये उठता है कि आखिर धूम्रपान के विरुद्ध मालदीव की तरह कठोर कदम भारत में क्यों नहीं उठाया जा सकता?

किस बात की दिक्कत है। जबकि, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में नशे से मरने वालों की संख्या सर्वाधिक है। भारत में कुछ प्रदेशों के युवा नशे में उड़ रहे हैं। घर के घर तबाह हैं। ऐसों को देखकर फिल्ममेकर 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्में भी बनाने लगे हैं। फिर भी कोई सुधार नहीं होता दिखता। नशेड़ियों का हर पल, हर जगह, उपहास उड़ता है। बावजूद इसके अपनी हरकतों से वो बाज नहीं आते? दुनिया में हर बरस 80 लाख मौतें होती हैं फिर भी कोई नहीं डर रहा। नशा-धुम्रपान की बढ़ती समस्या को देखकर अब इतना तो तय है जब तक मालदीव जैसे सख्त कानून नहीं बनाए जाएंगे, स्थिति में सुधार नहीं होगा। मालदीव की भांति ज्यादा से ज्यादा देश अपने यहां ऐसे ही कानूनों को पारित कर अमल में लाने की दरकार है। हिंदुस्तान तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक देश है। सरकार राजस्व का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुटाती है। भारत में तंबाकू-धूम्रपान से सालाना 13.5 लाख लोग असमय मरते हैं।

'सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एडं प्रिवेशन' के मुताबिक भारत सरकार प्रत्येक बरस अपने मरीजों पर 1.77 करोड़ रुपये खर्च करती है। ये जानते हुए भी कि तंबाकू कैंसर, फेफड़ों की बीमारी और हृदय रोग सहित कई पुरानी बीमारियों का प्रमुख कारण है। फिर भी लोग गुटखा-खैनी इस्तेमाल करते हैं। पंजाब पाकिस्तान के बॉर्डर से सटा है, जहां से चोरी छिपे हर दिन सैकड़ों किलो मादक पदार्थों की खेप पहुंचती हैं। तस्कर इसके



लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। देखा जाए तो मालदीव ने अपनी पीढ़ियों को बचाने के लिए जो इच्छाशक्ति दिखाई है, वह अन्य मुल्कों के लिए एक नायाब उदाहरण जैसा है। उनका यह निर्णय नशे से प्रभावित देशों को धूम्रपान से लड़ने के लिए ना सिर्फ हिम्मत देगा, बल्कि स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। मालदीव का नशा मुक्ति पर लिया कठोर निर्णय निश्चित रूप से साहसिक कदम कहा जाएगा। ऐसा करके मालदीव विश्व का पहला मुल्क बना है, जहां साल 2007 के बाद जन्मा कोई इंसान कश से दूर रहेगा। मालदीव में धूम्रपान से सालाना मात्र 150 लोग ही जान गवाते हैं, फिर भी सरकार अपने नागरिकों के लिए इतनी फिक्रमंद है। कानून से जुड़ी एक अच्छी बात ये भी है कि यह नियम वहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी लागू रहेंगे। विश्व की सरकारें अगर ईमानदारी से जनहित की नीतियों पर मंथन करें, तो धूम्रपान पर मुक्ति पाना असंभव नहीं? मॉर्डन स्टेटस कहें, या पश्चिमी सभ्यता का विस्तार? देखा-देखी युवा नशे की लत में घुसते जा रहे हैं। मालदीव ही नहीं, विश्व का कोई देश इस समय अछूता नहीं बचा, जहां के टीनएजर्स इस समस्या की गिरफत में न समाए हों? इस मामले में एशिया पहले पायदान पर है जहां बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जारी है। मालदीव सरकार द्वारा पारित 'जेनरेशनल स्मोकिंग बैन' दुनिया का पहला 'तम्बाकू मुक्त' कानून है। हालाकि, हिंदुस्तान में धूम्रपान पर पीढ़ीगत प्रतिबंध के संबंध में कोई विशेष कानून नहीं है। पर, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जैसे कई कानून पहले से हैं। इसके अलावा समय-समय पर प्रदेश सरकारें अपने स्तर पर प्रतिबंध लगाती रहती हैं। जैसे, इस समय पंजाब सरकार ने नशा मुक्ति को लेकर अभियान छेड़ा हुआ है। अभियान के तहत महीने भर से मादक पदार्थों की धरपकड़ जारी है। दुर्भाग्य से इस तरह के अभियान या प्रदेश सरकारों की सख्तियां कारगर साबित नहीं हो पाती। कुछ समय बाद ही दम तोड़ देती हैं। हमारे यहां कागजों में ही ऐसी पाबंदियों की भरमार हैं जिनमें शिक्षण संस्थाओं जैसे स्कूल-कॉलेजों के सौ मीटर दूरी तक पान-मसाला बेचने की मनाही होती है। लेकिन अब स्कूलों के भीतर भी मादक पदार्थ पकड़े जाने लगे हैं। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा के एक नामी कॉलेज में छात्रों के पास से पुलिस ने नशे की ढेर सारी सामग्रियां बरामद की। वैश्विक स्तर धूम्रपान के विरुद्ध लड़ाई लड़ने की जरूरत अब महसूस होने लगी है। इस लड़ाई में पहला कदम मालदीव ने बढ़ा दिया है।

अब कोई ये भी नहीं कहेगा कि 'बिल्ली के गले में कौन बांधे घंटी'। ऐसी पहल का इंतजार सभी को था लेकिन अब हो गई। कितनी सुखद खबर है कि दुनिया में पहली बार किसी देश ने तय किया कि उसकी आने वाली पीढ़ियां कभी सिगरेट, तंबाकू से अपने फेफड़े नहीं जलाएंगी। मालदीव की आबादी मात्र 5 से 7 लाख है और जीडीपी पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। मालदीव स्वास्थ्य मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से पुष्टि की है कि 1 नवम्बर 2025 से तंबाकू-मुक्त पीढ़ी कानून लागू हो चुका है। यह नियम विदेशी पर्यटकों पर भी लागू होगा। दुकानदारों को खरीदार की उम्र की अनिवार्य जांच करनी होगी। मालदीप ने वर्ष 2024 में 40 करोड़ सिगरेट आयात की थी। कमाई की परवाह न करते हुए भी मालदीव ने अपने यहां पहुंचने वाले सैलानियों पर भी कानून लागू किया है। साफ-सफाई और सुंदरता में उसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। हालांकि, वहां ई-सिगरेट और वेपिंग पर रोक करीब दशक भर पहले से थी। पर, अब पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है। युवा पीढ़ी की सेहत को बचाने के लिए सभी मुल्कों को ऐसे कानून बनाने चाहिए। मालदीव का धूम्रपान पर अंतिम प्रहार दुनिया के लिए सबक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बदलाव
महेन्द्र तिवारी




# मनरेगा के बाद ग्रामीण रोजगार की नई रूपरेखा

ग्रामीण भारत के विकास की यात्रा में मनरेगा एक ऐतिहासिक पड़ाव रहा है। वर्ष 2005 में जब यह कानून अस्तित्व में आया था, तब देश के ग्रामीण समाज की जरूरतें, चुनौतियां और संरचना आज से बिल्कुल अलग थीं। उस समय व्यापक गरीबी, सीमित आजीविका के साधन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने सरकार को एक ऐसे अधिकार-आधारित कानून की ओर प्रेरित किया, जो ग्रामीण नागरिक को काम का वैधानिक भरोसा दे सके। दो दशक बाद सरकार अब मनरेगा की जगह विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) या "विकसित भारत जी राम जी" नाम से नए कानून को लाने की तैयारी कर रही है। यह बदलाव केवल योजना का नहीं, बल्कि सोच और नीति के ढांचे का भी संकेत देता है। सरकार का दावा है कि नया कानून मनरेगा की कमजोरियों को दूर करेगा और ग्रामीण भारत को अधिक मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के प्रति सक्षम बनाएगा। 100 दिनों की जगह 125 दिनों की रोजगार गारंटी, साप्ताहिक भुगतान, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नियंत्रण और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे प्रावधान निस्संदेह आकर्षक लगते हैं। जल संरक्षण, जलवायु अनुकूलन, आजीविका आधारित अवसंरचना और बाजार से जुड़ाव जैसे क्षेत्रों पर जोर यह दर्शाता है कि सरकार अब ग्रामीण रोजगार को केवल राहत के उपाय के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की रणनीति के रूप में देख रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना संग्रह में परिसंपत्तियों का पंजीकरण इस सोच को और स्पष्ट करता है कि गांवों में होने वाला हर कार्य राष्ट्रीय विकास की बड़ी तस्वीर से जुड़ा हो। यह भी सच है कि पिछले वर्षों में ग्रामीण भारत में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। गरीबी दर में गिरावट, डिजिटल भुगतान की व्यापकता, आधार से जुड़ी सेवाएं और ग्रामीण आजीविका के नए अवसरों ने मनरेगा के मूल स्वरूप को कुछ हद तक अप्रासंगिक बना दिया है। मनरेगा के अंतर्गत दुरुपयोग, कागजों पर बने काम, मशीनों का अनुचित इस्तेमाल और फर्जी उपस्थिति जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में सरकार का यह कहना कि एक अधिक अनुशासित, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी ढांचे की जरूरत है, पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। फिर भी, इस नए कानून को लेकर सबसे बड़ा सवाल उसके मूल दर्शन से जुड़ा है। मनरेगा की आत्मा यह थी कि काम मांगने पर काम देना राज्य का कानूनी दायित्व है। यह अधिकार गरीब ग्रामीण नागरिक को प्रशासन के सामने खड़ा होने का नैतिक और कानूनी बल देता था। नए कानून में मांग आधारित व्यवस्था की जगह मानक वित्तपोषण को अपनाने की बात कही गई है, जिसमें राज्यों के लिए बजट की एक तय सीमा होगी। भले ही सरकार यह आश्वासन दे कि रोजगार का अधिकार सुरक्षित रहेगा और समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था अधिकार की धार को कुछ कुंद करती दिखाई देती है। जब संसाधन पहले से सीमित होंगे, तो काम मांगने की स्वतंत्रता स्वतः ही सीमित हो सकती है। कृषि मौसम में 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को रोकने का प्रावधान भी दोहरे अर्थ रखता है। एक ओर यह किसानों के हित में बताया जा रहा है, ताकि बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी न हो और कृषि लागत न बढ़े। दूसरी ओर, यह प्रावधान प्रशासनिक विवेक पर अत्यधिक निर्भर हो सकता है। यदि किसी क्षेत्र में खेती के मौसम के बावजूद बेरोजगारी की स्थिति बनी रहती है, तो मजदूर के पास काम मांगने का विकल्प सीमित हो जाएगा। बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश और अपील की व्यवस्था के यह प्रावधान नियंत्रण का औजार भी बन सकता है। राज्यों पर वित्तीय बोझ का प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 का वित्तीय अनुपात अपेक्षाकृत सक्षम राज्यों के लिए भले ही व्यावहारिक हो, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि राज्य अपने हिस्से का भुगतान समय पर नहीं कर पाते, तो रोजगार और मजदूरी दोनों प्रभावित होंगी। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि अंतिम जिम्मेदारी किसकी होगी और गरीब नागरिक को अपने अधिकार के लिए किस दरवाजे पर जाना होगा। पारदर्शिता और निगरानी के लिए प्रस्तावित तकनीकी उपाय सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन अधिकार की भावना कमजोर पड़ी और क्रियान्वयन में राज्यों व पंचायतों की भूमिका सीमित हुई, तो यह सुधार के नाम पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच के क्षरण का कारण भी बन सकता है। विकसित भारत की नींव मजबूत तभी होगी, जब विकास के साथ अधिकार और विश्वास भी समान रूप से मजबूत रहें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया।

आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो**

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए।

- प्रखर जोशी, दुर्ग

## ट्रेंड

**हमारे लिए देश पहले**



तमाम विपक्षी दलों को समझना होगा कि एसआईआर विषय केवल चुनाव जीतने और हारने का नहीं बल्कि देश का विषय है। हमारे लिए देश पहले होना चाहिए इसके बाद बाकी विषय होना चाहिए।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

**ग्राम-स्वराज का सपना**



पीएम मोदी को दो चीज़ों से पक्की नफरत है महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से। मनरेगा, महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज के सपने का जीवंत रूप है। मगर, आज मोदी जी मनरेगा का नामो-निशान मिटाने पर आमादा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस


**सरकार मिशन मोड में**



27 वर्षों से जिन समस्याओं से दिल्ली जूझ रही थी, उनके स्थायी समाधान में हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से जुटी है। नालों की डी-सिल्टिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इस लक्ष्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**नेशनल हेराल्ड मामला**




नेशनल हेराल्ड मामले में राऊज़ एवेन्यू कोर्ट का फैसला मोदी सरकार के षड्यंत्रों पर करारा तमाचा है। कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज कर यह साबित कर दिया है कि सोनिया गांधी व राहुल के खिलाफ यह केस राजनीतिक द्वेष से बनाया गया था।

- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' बताया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल को 'सामूहिक विनाश का हथियार' करार देने वाले कार्यकारी आदेश पर सोमवार को दस्तखत कर दिए। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका का राष्ट्रपति कार्यालय) में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ज्वाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, व्हाइट हाउस में सीमा से जुड़े मामलों के प्रमुख टॉम होमन और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रशासन 'फेंटानिल को आधिकारिक तौर पर सामूहिक विनाश के हथियार के रूप में वर्गीकृत कर रहा है, जो वास्तव में वही है। कोई भी बम वह काम नहीं कर सकता, जो यह (फेंटानिल) कर रहा है।' हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि नये कार्यकारी आदेश के अमल में आने के फेंटानिल की लत के शिकार लोगों और इसकी तस्करी में शामिल अपराधियों के लिए क्या मायने होंगे तथा इससे ट्रंप प्रशासन की नीति में क्या बदलाव आएगा। सामूहिक विनाश के हथियार शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर परमाणु, जैविक, रासायनिक या साइबर खतरों के लिए किया जाता है, जो किसी आबादी, बुनियादी ढांचे या पर्यावरण को भारी एवं स्थायी नुकसान पहुंचाने में सक्षम होते हैं। इराक पर अमेरिका के आक्रमण के बाद वाशिंगटन के सियासी गलियारों में इस शब्द पर जमकर बहस हुई है।

## ऑफ बीट

# आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे – जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# लोक चेतना के विकास में पंथी गीतों की भूमिका

लोकगीत

डा. जे. आर. सोनी



लोक चेतना के विकास में लोक गीतों की अहम भूमिका रही है। पंथी गीत लोक गीत है तथा लोक चेतना के उन्नयन में इसकी उल्लेखनीय भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण और संवर्धन में पंथी गीत नृत्य, एक विशिष्ट पहचान बनाई है। पंथी गीत नृत्य आज देश विदेश में प्रख्यात हो चुका है। पंथी गीतों में निहित सत्य सत्व का वर्तमान संदर्भ में बहुत अधिक महत्व है। सत्य ईश्वर है। कथन लौकिक जगत की अंधी आंखों से देखी गई मोहजनित कल्पनाओं को दूर करने की प्रेरणा देता है। सतनाम का जो स्वरूप पंथी गीतों में प्रतिपादित किया गया है, वह मानव प्रवृति को सत्य वचन , सत्य कर्म एवं सत्य जीवन की ओर उन्मुख होने का संदेश होता है। हमारी संस्कृति में नैतिक बल को अधिक शक्तिशाली माना गया है। भौतिक संसाधनों से लैस अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर करने गांधीजी ने सत्याग्रह में इन्हीं तत्वों को स्थान दिया था। इस आशय का संदेश पंथी गीतों में मिलता है। यह लोक चेतना की भावना को प्रबल बनाती है। पंथी गीतों में व्यक्त जाति संबंधी विचार प्रगतिशील विचारों के जन्म से पूर्व ही अस्तित्व में आ चुके थे। उनके वर्ग विहीन समाज की कल्पना साम्यवादी विचार का ही एक रूप है, जो लोकभावना की सहज समूल चेतना का प्रतिफल है। गीतों की समतावादी दृष्टि मनुष्य - मनुष्य को समान बतलाना चाहती है। पंथी गीतों से उत्पन्न लोक चेतना वर्ण और जाति व्यवस्था को नकारती है।

लोक साहित्य

डा. अनसूया अग्रवाल

## छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य में चुनौतियां




छत्तीसगढ़ी बाल रचनाओं में इस क्षेत्र की नैसर्गिक और प्राकृतिक सुषमा भी अपने संपूर्ण वैभव के साथ उपस्थित है। यहां के लोगों के अपराजेय संघर्ष के रेखांकन का यथार्थ प्रयास भी बालमन के अनुरूप है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण यहां के बच्चे पशु पक्षी के साथ काफी निकटता महसूस करते हैं। अतः रचनाओं में इनके प्रति बालमन के भाव भी स्पष्ट दिखाई देती है। रचनाएं रोचक वैविध्यपूर्ण एवं सहज ही संप्रेष्य है। निश्चित ही प्रत्यक्ष रुप से उपदेश देने के बजाय आदर्श पात्रों के स्वाभाविक क्रियाकलापों को प्रस्तुत कर बच्चों को संस्कारिक कर पाना अपेक्षाकृत अधिक आसान और सही है, जैसे पूर्व काल में हितोपदेश, पंचतंत्र आदि कहानियों के माध्यम से सीख दी जाती रही है। इसमें संदेह नहीं कि छत्तीसगढ़ी बाल साहित्यकार बच्चों के मन में निकट जाकर कम शब्दों में अधिक गंभीर, सार्थक और महत्वपूर्ण कहने का प्रयास कर रहे हैं।

पुरातात्विक

ढालसिंह देवांगन

## तीतरदेव का ताम्र पत्र पर उल्लेखित लेख



राजिम के तत्कालीन मालगुजार हनुमंतराव महाडिक को राजीव लोचन मंदिर के समीप खुदाई पर 1785 ई. लिखा ताम्र पत्र 5 - 6 फुट नीचे प्राप्त हुआ। 1825 में भी ताम्र पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन पत्ते हैं। प्रत्येक पत्ते की लंबाई 9₹ तथा चौड़ाई 5₹ का है। तीनों पत्र एक राजमुद्रा युक्त छल्ले से नत्थी है। इस पत्र का वजन लगभग 22 किलो ग्राम है। प्रारंभिक श्लोक में ही राजा का नाम श्रीमतीवरदेव दिया हुआ है। इसके बाद की पंक्ति में श्रीपुर का नामोलेख है, जहां से ताम्र पत्र प्रसारित किया गया था। बाद में पन्द्रह पंक्तियों में तीवरदेव की राजनीतिक दृढ़ता, अनुलंघनीय शासन व्यवस्था तथा उसके व्यक्तिगत गुणों एवं योग्यताओं का अत्यंत आलंकारिक ढंग से वर्णन किया गया है। 16 वीं और 17 वीं पंक्ति में इनके पिता का नाम नंददेव एवं पितामह का नाम इंद्रबल लिखा हुआ है। 18 वीं पंक्ति में राजा को परम वैष्णव कहा गया है। इसके बाद की पंक्तियों में राजा के ब्राह्मण के दो पुत्रों भवदत्त और हरदत्त को माता पिता और स्वयं के पुण्यों की वृद्धि के लिए ग्राम के दान देने का उल्लेख मिलता है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

वेशभूषा

डा नीलकंठ देवांगन

# छत्तीसगढ़ी पुरखौती सिंगार हमर संस्कृति में



गहना शरीर के सुंदरता बढ़ाथे। अलग अलग अंग के अलग अलग बनावट अउ आकार प्रकार के आकर्षक गहना होथे । ये गहना जेन ल जेवर, लोक आभूषन किथें, महिला मन के सिंगार आय । आदिवासी अंचल मं खास प्रचलन हे । ये चांदी, सोना, पीतल, कांसा तांबा, गिलट के बनाय जाथे । सुनार, मलार, पटवा, पड़वा इंखर शिल्पी होथें । ये पूरखौती पारंपरिक गहना केवल सिंगार सजावट भर के वस्तु नोहैं, इंखर सांस्कृतिक सामाजिक आर्थिक महत्व हे । ये हमर राज्य के संस्कृति अउ परंपरा के पहिचान हें, पुरखौती विरासत हें । परब तिहार, खास मौका, सांस्कृतिक आयोजन मं ज्यादातर पहने जाथे । ये स्वास्थ्य बर घलो अच्छा होथे । अंग विशेष के संपर्क स्पर्श मं रहिथें, खून के दौरा बने रथे, स्वास्थ्य ठीक रिथे । अलग अलग अंग के अलग अलग गहना -



**गला** - रुपिया, सुर्रा, मोहर, पुतरी, सूंता, गहूंदाना, ताबीज, ढोलकी, औंरीदाना, हमेल, बेला, हंसली, कंठी, माला, संकरी

**पांव** - गोड़ चूरा, टोंड़ा , कांटादार टोंड़ा, लच्छा, छुट्टा लच्छा, पैरी, सांटी, पैरपट्टी, पायजन, बिछिया

**हाथ कलाई बाजू उंगली** - चूड़ी, कड़ा, बहुंची, बनुरिया, पाली, कंगना, हरैया, ककनी, ऐंठी, तीन भंजन ऐंठी, पटा , ढरकौवा, पोड़ी ढरकौवा, तोड़यि, पोटली, बहुंटा, नागमोरी, हाथचूरा, बाजूबंद, मुंदरी

**नाक** - नथ, नथनी, फुल्ली,

**कान** - खिनवा, ढार, तितरी, खूंटी, बारी, लुरकी, झुमका, तरकी, लटकन, कानफूल


**कमर** - करधन, कमरबंद

**सिर माथा बाल** - फुलझरिया, झाबुली, झाबा, क्लीप, मंगटीया, बिंदिया, टिकली

पुरुष मन घलो गहना पहिनथें । गला मं कंठी माला, बांह मं बाजूबंद, कलाई मं चांदी के मोटा कड़ा ।

पर्यटन : तपेश जैन

# गिरौधपुरी पहाड़ियों में पंचकुण्डी स्थल



गिरौदपुरी बिलासपुर से 80 कि मी तथा शिवरीनारायण से मात्र 15 कि मी दूरी पर सुरम्य अरण्य के मध्य सतनाम धर्म का तीर्थ स्थली है। यहां की पहाड़ियां किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसी क्रम में गिरौदपुरी से पूर्व दिशा में लगभग एक किमी की दूरी पर दो पहाड़ियों के मध्य नीचे के स्थान के कुंड को अमृत कुंड कहा जाता है। इस अमृत कुंड के जल को बरसों रखने पर भी यह जल खराब नहीं होता, इस कारण ही इसे अमृत कुंड कहा जाता है।

सुरता

विजय शर्मा


## उपलब्धियों से भरा रहा ठाकुर उमराव सिंह का कार्यकाल



धर्मपरायण व प्रजावत्सल ठाकुर उमराव सिंह 12 वर्ष की उम्र में सुअरमार की जमींदारी संभाली। आपका कार्यकाल 1821 से 1911तक रहा। अपने पिता की तरह उन्होंने वैज्ञानिक सोच के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। अनेक मंदिर, ग्रन्थालय, अतिथि गृह का निर्माण आपके शासन काल में हुआ। तालाब निर्माण और मरम्मत का कार्य कर कृषि उत्पादन बढ़ाया गया। आपके कार्यकाल को स्वर्णिम काल के रूप में जाना जाता है। न्याय व्यवस्था भी काफी चुस्त आपके शासन में रही। ब्रिटिश शासन का संरक्षण आपको प्राप्त था। आपके कार्यकाल में हाथी का उपयोग होने लगा। जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का अविष्कार भी आपके कार्यकाल में देखा गया। आपको खास दरबारी एवं खास मुलाकाती हानर्री मजिस्ट्रेट का सनद प्राप्त था। आपकी मृत्यु के बाद समाधि राजा बंधा ( नीलकमल ) पर बनी, जहां परंपरानुसार शिवलिंग स्थापित है।

संस्कृति: श्रीमती आशा ध्रुव

# आदिवासी विवाह के दौरान डुमर का महत्व



छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में खास कर प्रकृति पूजन को विशेष महत्व दिया जाता है। इसी संदर्भ में यही डुमर के पेड़ को देखें तो देव तुल्य पूजन कर उपयोग किया जाता है। आदिवासी डुमर पेड़ में दुल्हा और दुल्हिन देव का वास मानते हैं। यह आदिवासी कोयतुर समाज के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कहा जाता है कि इस पेड़ में बूढ़ा देव और बूढ़ी माई का निवास होता है। वैवाहिक रस्म में इस पेड़ की डालियों का विशेष महत्व होता है। इसे समाज में आराध्य देव के रूप में जाना जाता है। डुमर की कच्ची लकड़ी से विवाह मंडप के लिए मगरोहन बनाया जाता है। हल्दी चढ़ाना और उतारना मगरोहन पर पहले किया जाता है। इसके बाद दुल्हा दुल्हन को लगाया जाता है। यह विवाह संस्कार का महत्वपूर्ण अंग होता है। इसके पत्तों से मंडप छाया जाता है। इस पेड़ की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि विपरीत परिस्थितियों में भी वर्ष भर हरा भरा रहता है। यह गृहस्थों के लिए वरदानी वृक्ष है।



## खबर संक्षेप




### भारतीय निवेशक विदेशी बाजार में निवेश बढ़ा रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय निवेशक अब सिर्फ एक-दो शेयर बाजारों में निवेश तक सीमित न रहते हुए अमेरिकी इक्विटी, सूचकांक और क्षेत्र आधारित ईटीएफ, निजी बाजार के अवसरों सहित विदेशी बाजारों में अपनी भागीदारी लगातार बढ़ा रहे हैं। वेस्टेड फाइनेंस की 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स ग्लोबली 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। इससे पोर्टफोलियो बनाने के लिए अधिक सुनियोजित तरीका और वैश्विक बाजार में भागीदारी को लेकर बढ़ते भरोसे का पता चलता है।

### गुजरात किडनी का आईपीओ 22 दिसंबर को खुलेगा

Gujarat Superspeciality Hospital

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा कंपनी गुजरात किडनी एंड सुपर स्पेशलिटी लिमिटेड ने अपने 251 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 108-114 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 22 दिसंबर को खुलेगा और 24 दिसंबर को बंद होगा।आईपीओ पूर्णतः 2.2 करोड़ शेयर का नया निर्गम है जिसमें कोई बिक्री पेशकश शामिल नहीं है।

# मुकेश अंबानी 2025 में सबको पछाड़ कमाई में बने नबंर-1, अदाणी तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में भारतीय घरेलू शेयर बाजार ने बड़े उद्योगपतियों के वैल्यूएशन में जबरदस्त उछाल की है। दलाल स्ट्रीट पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखनी को मिली। कंपनी शेयरों में आई इस तेजी से न सिर्फ कंपनी के निवेशकों को फायदा हुआ, बल्कि कंपनी चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी तगड़ा इजाफा देखने को मिला है।

- रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जबरदस्त तेजी से अंबानी की नेटवर्थ बढ़ी

रिलायंस शेयरों में आए उछाल के चलते अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब में अपनी जगह बनाए हुए हैं और इस साल कमाई के मामले में वह सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वहीं गौतम अदाणी तीसरे नंबर पर फिसल गए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे स्थान पर आर्सेलरमित्तल के लक्ष्मी मित्तल ने जगह बनाई।

### अंबानी की संपत्ति में हुआ इजाफा



ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी साल 2025 में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले इकलौते भारतीय सेंटिबिलियनेयर हैं। शेयर बाजार में रिलायंस के शेयरों में इस साल अब तक 27 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। जिससे मुकेश अंबानी की संपत्ति में 15.3 अरब डॉलर यानी भारतीय रुपयों में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। शेयरों में आई इस तेजी ने उन्हें इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाला व्यक्ति बनाने में मदद की है।

### कमाई के मामले में ये बने नंबर 2



ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में कमाई के मामले में मुकेश अंबानी के बाद दूसरा स्थान लक्ष्मी मित्तल का रहा है। लक्जमबर्ग स्थित ग्लोबल स्टील और माइनिंग कंपनी आर्सेलरमित्तल के मालिक लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल 11.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल नेटवर्थ बढ़कर 31.40 अरब डॉलर हो गई है।

### अदाणी की संपत्ति बढ़कर 85.2 अरब डॉलर रही



दिलचस्प बात यह है कि भले ही गौतम अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन इस साल कमाई के लिहाज से वह दूसरे नंबर पर नहीं रहे। कमाई के मामले में गौतम अदाणी तीसरे स्थान पर रहे। उनकी संपत्ति इस कैलेंडर ईयर में 6.52 अरब डॉलर बढ़कर 85.2 अरब डॉलर हो गई। अदाणी पावर लिमिटेड, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड और अदाणी पोर्ट्स लिमिटेड जैसी अदाणी कंपनियों के शेयरों में 2025 में अब तक 23-36 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एसीसी लिमिटेड, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस , अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और एनडीटीवी के शेयरों में 13-35 फीसदी की गिरावट आई।

## आईटी सचिव कृष्णन ने कहा, सरकार नए कानून लाने से बचना चाहती है

# एआई को नियंत्रित करने के लिए 'बेहद आवश्यक' होने पर ही लाए जाएंगे नए कानून

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए नए कानून या नियम लाने से बचना चाहती है, जब तक कि यह 'बेहद आवश्यक' न हो। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम जैसे मौजूदा कानूनी ढांचे का इस्तेमाल किया जाएगा।

**हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते**

### उभरती चुनौतियों से निपटने मौजूदा ढांचे का उपयोग किया जाएगा

#### हमारे देश में कई कानून हैं

सचिव ने कहा, 'वैसे भी, हमारे देश में कई कानून हैं... इसलिए मेरी हमेशा यही प्रवृत्ति रहती है कि जब तक बिलकुल जरूरी न हो, कोई नया कानून या नियम न बनाया जाए। पहले यह देखने की कोशिश करें कि मौजूदा कानूनों के साथ क्या किया जा सकता है।'



#### एआई के विकास को संभव बनाएंगे

सचिव ने कहा, "समय आने पर विनियमन की आवश्यकता होगी या नहीं, इस पर हम अन्य पहलुओं के साथ विचार करेंगे।" उन्होंने कहा, " हमारा जोर उन नियमों को लागू करने पर होगा जो कृत्रिम मेधा के विकास को संभव बनाएंगे।"

#### हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा

कृष्णन ने कहा, अब तक एआई के नियमन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बेहद व्यावहारिक रहा है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम किसी भी परिस्थिति में नवाचार के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहते।" उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिनियम और हाल ही में अधिसूचित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों में एआई के उपयोग से संबंधित काफी सारे मुद्दे पहले से ही शामिल किए गए हैं।

#### कुछ नौकरियां भले समाप्त हो नई सृजित होंगी


कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण होने वाले नौकरियों के विस्थापन से संबंधित चिंताओं को लेकर कृष्णन ने स्वीकार किया कि कुछ नौकरियां भले ही समाप्त हो जाएं, लेकिन अन्य नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने तर्क दिया कि सैद्धांतिक एआई से वास्तविक अनुप्रयोगों और कार्यान्वयन की ओर बदलाव में भारत को एक विशिष्ट लाभ मिलता है।

#### एआई एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है : आईबीएम

आईबीएम के भारत एवं दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि कि दुनिया एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है जहां कृत्रिम मेधा (एआई) केवल परिकल्पना न रहकर वास्तविक उत्पाद में तब्दील हो चुकी है और इसके प्रचार की बजाय इसको सही दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है। यहां '9वीं एआई लीडरशिप मीट' में पटेल ने कहा कि एआई के प्रभाव को टिकाऊ बनाने के लिए उद्योग को शुरुआती उत्साह से आगे बढ़कर सुरक्षा, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का समर्थन करने वाले सुरक्षा उपायों को लागू करना होगा।

# स्पेशल ट्रेन से श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग विशेष तीर्थ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा की घोषणा होते ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अब तक 99 फीसदी सीटों की बुकिंग पूर्ण हो चुकी है।

**यात्रा 20 दिसम्बर 2025 से, छत्तीसगढ़ बिलासपुर से प्रस्थान**

यह 11 दिवसीय पावन यात्रा 20 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 30 दिसम्बर 2025 तक चलेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को श्री रामेश्वरम धाम, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, कन्याकुमारी तथा मदुरै श्री मीनाक्षी देवी के दिव्य दर्शन कराए जाएंगे। भारतीय रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन की स्वीकृति दी जा चुकी है। रेलवे ने 18 कोच आवंटित किए हैं, जिनमें 13 स्लीपर, 2 थर्ड एसी, 1 सेकंड एसी और 2 एसएलआर कोच शामिल हैं। विशेष ट्रेन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ( पूर्व विधानसभा अध्यक्ष) एवं विशिष्ट अतिथि जयसिंह अग्रवाल (पूर्व राजस्व मंत्री) द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। ट्रेन का ठहराव रायपुर (रात्रि 11:30 बजे) एवं दुर्ग (रात्रि 12:30 बजे) रहेगा। यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, आवास, भोजन, वाहन एवं मार्गदर्शन की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यह ट्रेन केवल श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित रहेगी, जिससे यात्रा पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आरामदायक होगी।

## बिजनेस साइट

### बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री): स्वास्थ्य और स्फूर्ति का आयुर्वेदिक समाधान

**नागपुर।** आज के समय में बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता के बीच श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा. लि. द्वारा निर्मित बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) उन लोगों के लिए एक प्रभावी आयुर्वेदिक विकल्प के रूप में सामने आया है, जो बिना चीनी के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। यह विशेष अवलेह पारंपरिक च्यवनप्राश की सभी खूबियों को बनाए रखते हुए अतिरिक्त चीनी से पूर्णतः मुक्त है। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) को कम कैलोरी वाले प्राकृतिक मधुर तत्वों से तैयार किया गया है, जिससे यह कैलोरी और शर्करा के प्रति सजग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त बनता है। इसमें आँवला प्रमुख घटक है, जो प्राकृतिक रूप से विटामिन 'सी' का समृद्ध स्रोत है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। इसके साथ अश्वगंधा, कौंच बीज, बिल्व, दशमूल, केसर, गिलोय और विदारीकंद जैसी समय-परीक्षित जड़ी-बूटियाँ शरीर को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करती हैं। उच्च रक्त शर्करा से प्रभावित व्यक्तियों में पाई जाने वाली कमजोरी और संक्रमण की आशंका को कम करने में यह आयुर्वेदिक टॉनिक सहायक सिद्ध होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट युक्त तत्व शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली को संतुलित रखते हैं।





### रायपुर की शंकर मशीनरी को मिला अदाणी सोलर का प्रतिष्ठित 'मोमेंटम अवार्ड'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली रायपुर स्थित श्री शंकर मशीनरी को अदाणी सोलर द्वारा प्रतिष्ठित 'मोमेंटम अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी को छत्तीसगढ़ ईस्ट रीजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन और सतत विकास के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर शंकर मशीनरी के सीएमडी संतोष मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के समर्पण और छत्तीसगढ़ में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में कंपनी ने राज्यभर में 300 से अधिक संतुष्ट वेंडरों का मजबूत नेटवर्क तैयार किया है, जो सौर ऊर्जा के विस्तार में अहम भूमिका निभा रहा है। शंकर मशीनरी ने छत्तीसगढ़ में अदाणी सोलर उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों को विश्वसनीय और आधुनिक सौर ऊर्जा समाधान प्रदान किए हैं। कंपनी की निरंतर प्रगति और बाजार में मजबूत पकड़ को देखते हुए यह पुरस्कार भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की संभावनाओं को भी दर्शाता है।



### इट्सा हॉस्पिटल्स में जटिल हिप सर्जरी से 72 वर्षीय बुजुर्ग को मिली नई ज़िंदगी

**रायपुर।** गंभीर हिप फ्रैक्चर के कारण करीब एक वर्ष से बिस्तर पर पड़े 72 वर्षीय बुजुर्ग को इट्सा हॉस्पिटल्स में हुई सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद फिर से चलने की क्षमता प्राप्त हो गई है। लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण मरीज पूरी तरह चलने-फिरने में असमर्थ हो चुका था। उसके प्रभावित पैर की लंबाई लगभग 3.2 सेंटीमीटर कम हो गई थी और हिप जोड़ में लगभग कोई मूवमेंट शेष नहीं बचा था, जिससे दैनिक जीवन के सामान्य कार्य भी असंभव हो गए थे। यह जटिल सर्जरी इट्सा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अंकित कुमार गर्ग ने सफलतापूर्वक की। डॉ. गर्ग को 8 वर्ष से अधिक का क्लिनिकल अनुभव है और वे छत्तीसगढ़ के पहले एवं एकमात्र एमसीएच जॉइंट रिप्लेसमेंट सुपर स्पेशलिस्ट हैं। डॉ. गर्ग के अनुसार, लंबे समय से मौजूद विकृति, मांसपेशियों की जकड़न, पैर की लंबाई में अंतर और उम्र से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यह केस बेहद चुनौतीपूर्ण था। पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी के लिए अस्पताल में रोबोवॉक गेट ट्रेनर और एंटी-ग्रैविटी ट्रेडमिल जैसी उन्नत रिहैबिलिटेशन सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कुछ ही दिनों में मरीज ने आत्मविश्वास के साथ चलना शुरू कर दिया और अपने दैनिक कार्य स्वतंत्र रूप से करने लगा।

ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अंकित कुमार गर्ग के नेतृत्व में सफल इलाज

### भारत ने चीन के साथ कम किया अपना व्यापार घाटा

*नई दिल्ली। भारत पेट्रोलियम उत्पाद एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात बढ़ाकर चीन के साथ अपने भारी-भरकम व्यापार घाटे को कम करने में कुछ हद तक सफल हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान देश से चीन को निर्यात 32.83 प्रतिशत बढ़कर 12.22 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा सिर्फ 9.20 अरब डॉलर था।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल — 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology) | डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक — सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT — समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) | डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% छूट
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर — 25 वर्षों का अनुभव — 11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

# आईपीएल ऑक्शन: ग्रीन पर 25.2 करोड़ की बोली, मगर 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते मिलेंगे सिर्फ '18 करोड़'

एजेंसी ▸▸ अबू धाबी

कैमरून ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा, लेकिन नए 'मैक्सिमम फीस' नियम के चलते ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर को सिर्फ 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे।

'मैक्सिमम फीस' नियम को पिछले साल फ्रेंचाइजी की चिंता को दूर करने के लिए लाया गया था, क्योंकि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए सिर्फ मिनी ऑक्शन के लिए ही खुद को रजिस्टर करवा रहे थे। इस नए नियम के मुताबिक, विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा सकता, जो 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी की तरफ से खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए सबसे ज्यादा ब्रैकेट था। अगर बोली 18 करोड़ रुपए से ज्यादा की होती है, तो अतिरिक्त रुपए का इस्तेमाल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों की भलाई के लिए करेगा। हालांकि, यह नियम भारतीय खिलाड़ियों पर लागू नहीं होता।




### ग्रीन बने आईपीएल के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी

कैमरून ग्रीन आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था, जबकि श्रेयस अय्यर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। कैमरून ग्रीन को आईपीएल 2023 के लिए मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिसके बाद उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 17.50 करोड़ में अपने साथ जोड़ा। अब कैमरून ग्रीन लगातार तीसरे सीजन नई टीम से खेलते नजर आएंगे। अबू धाबी के एतिहाद एरिना में आयोजित आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में कैमरून ग्रीन इतिहास रचते हुए लीग के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले आईपीएल 2024 के ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### लिविंगस्टेन को एसआरएच ने 13 करोड़ में खरीदा



इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टेन पहले राउंड में अनसोल्ड चले गए थे, लेकिन दूसरे राउंड में जब फिर से उनका नाम पुकारा गया तो कई टीमें उन्हें अपने साथ करने की कोशिश में जुट गई। लियाम का बेस प्राइज दो करोड़ रुपए था, लेकिन आखिर में उन पर 13 करोड़ रुपए की बोली सनराइजर्स हैदराबाद ने लगाई। इस तरह भारत और विदेशी खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा। अब मार्च में जब नया सीजन शुरू होगा, तब ये खिलाड़ी कैसा खेल दिखाते हैं, इसे देखना दिलचस्प होगा।

### वेंकटेश को 16.75 करोड़ का नुकसान, आरसीबी से जुड़े

ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर आईपीएल 2026 में आरसीबी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। नीलामी में आरसीबी ने अय्यर को खरीदा। वेंकटेश अय्यर की बेस प्राइस 2 करोड़ थी। आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ में खरीदा। केकेआर और आरसीबी के बीच अय्यर के लिए कड़ी जंग देखने को मिली। केकेआर ने 6.80 करोड़ तक बोली लगाई। आरसीबी ने 7 करोड़ में बाजी जीत ली। हालांकि वेंकटेश अय्यर को 16.75 करोड़ का घाटा लगा है। पिछली नीलामी में केकेआर ने अय्यर को 23.75 करोड़ में खरीदा था।

### हसरंगा को एलएसजी और मिलर को कैपिटल्स ने खरीदा





मिनी ऑक्शन में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसरंगा और दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज डेविड मिलर को क्रमशः एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। वानिंदु हसरंगा ने अपना नाम 2 करोड़ वाले खिलाड़ियों की श्रेणी में पंजीकृत कराया था। हसरंगा को उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीदा। हसरंगा पूर्व में आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। हसरंगा ने 37 आईपीएल मैचों में 46 विकेट लिए हैं। डेविड मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर को उनकी 2 करोड़ की बेस प्राइस पर दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। मिलर पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), राजस्थान रॉयल्स, और गुजरात टाइटंस एलएसजी के लिए खेल चुके हैं।

## 'अनकैप्ड' खिलाड़ी प्रशांत पर सीएसके ने की धनवर्षा



प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे 'अनकैप्ड खिलाड़ी' बन गए हैं। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इन दोनों युवा खिलाड़ियों को 14.2-14.2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। बाएं हाथ के खिलाड़ी प्रशांत वीर का बेस प्राइज 30 लाख रुपए था। उन्हें खरीदने के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सबसे पहले दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस बिड वॉर में कूद पड़ी। 1.30 करोड़ रुपए की बोली लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने भी प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई। इस बीच राजस्थान रॉयल्स भी इस होड़ में शामिल हो गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.80 करोड़ रुपए की बोली लगाकर सभी को चौंकाया, लेकिन सीएसके ने आखिरकार प्रशांत को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की। 20 वर्षीय प्रशांत वीर ने 2 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 2 विकेट हासिल किए हैं, जबकि 9 टी20 मुकाबलों में 16.66 की औसत के साथ 12 विकेट निकाले। इस खिलाड़ी ने 28 की औसत के साथ 112 रन भी बनाए हैं।

### 'अनकैप्ड' खिलाड़ी कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ में खरीदा



दूसरी ओर, रणजी ट्रॉफी में शतक लगाने वाले 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने दिलचस्पी दिखाई। आखिरकार, चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज वाले इस खिलाड़ी को 14.20 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की।कार्तिक 8 फर्स्ट क्लास मुकाबले, 9 लिस्ट-ए मुकाबले और 12 टी20 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 2 शतक, जबकि फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 3 शतक लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### पंजाब से हारा मध्यप्रदेश वेंकटेश ने जड़ा अर्धशतक

**अम्बी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने मध्यप्रदेश के लिए प्रभावशाली अर्धशतक लगाया लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में पंजाब को दो विकेट से जीतने से नहीं रोक पाए। वेंकटेश ने 43 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 70 रन बनाए, जिससे मध्यप्रदेश ने आठ विकेट पर 225 रन का मजबूत स्कोर बनाया। हालांकि पंजाब ने युवा हरनूर सिंह की 36 गेंद में 64 रन की पारी की बदौलत 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेंकटेश को गेंदबाजी में उनके कप्तान रजत पाटीदार ने केवल एक ओवर दिया जिसमें उन्होंने 12 रन दिए।

### एससीओ युवा डेल्फिक खेलों के लिए भारत ने भेजा दल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।




किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

## भारत ने मलेशिया को 315 रन से हराया — अंडर 19 एशिया कप में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बने कुंडू

एजेंसी ▸▸ दुबई

अंडर 19 एशिया कप में भारत के लिए ही नहीं किसी भी टीम के बल्लेबाज के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड अब टूट चुका है। भारत के अभिज्ञान कुंडू ने मंगलवार को मलेशिया के खिलाफ 209 रन की ऐतिहासिक नाबाद पारी खेली और सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले पाकिस्तान के समीर मिन्हास (177) और भारत के वैभव सूर्यवंशी (171) को पीछे छोड़ा।

वहीं वह अंडर 19 एशिया कप के 36 साल के इतिहास में डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। उन्होंने अपनी 125 गेंद की पारी में नाबाद 209 रन बनाए जिसमें 17 चौके और 9 छक्के शामिल थे। वह इसी के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा ओवरऑल रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने पाकिस्तान के समीर मिन्हास (220) को पीछे छोड़ा।




### मलेशिया की टीम 93 रन पर आउट

दुबई। भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था। भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। मलेशिया की टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई।

### अंडर-19 एशिया कप 2025 के टॉप 5 बल्लेबाज

| खिलाड़ी | देश | मैच | पारी | रन |
|---|---|---|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू | भारत | 3 | 3 | 265 |
| समीर मिन्हास | पाकिस्तान | 3 | 3 | 220 |
| वैभव सूर्यवंशी | भारत | 3 | 3 | 216 |
| अयान मिस्बाह | यूएई | 2 | 2 | 166 |
| जवाद अबरार | बांग्लादेश | 2 | 2 | 166 |

### अंडर 19 एशिया कप के शीर्ष स्कोरर

| | |
|---|---|
| अभिज्ञान कुंडू (भारत) | 209* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| सौम्य सरकार (बांग्लादेश) | 209 (बनाम कतर), 2012 |
| समीर मिन्हास (पाकिस्तान) | 177* (बनाम मलेशिया), 2025 |
| मीत भवसर (कुवैत) | 175*(बनाम नेपाल), 2021 |
| वैभव सूर्यवंशी (भारत) | 171 (बनाम यूएई), 2025 |

### वैभव का तूफानी अर्धशतक

वैभव ने मलेशिया के खिलाफ तूफानी पारी खेलते हुए शानदार अर्धशतक जड़ दिया। वैभव ने भारतीय पारी का धमाकेदार अंदाज में आगाज किया और एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद क्रीज पर पैर जमाते हुए तेजी से रन बटोरे। वैभव ने 200 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। 25 गेंदों पर अर्धशतक जड़ने के बाद वैभव की नजरें तेजी से शतक पूरा करने पर लगी थी कि तभी मलेशियाई गेंदबाज मुहम्मद अकरम ने भारत को तीसरा झटका दे दिया।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर भारत की नजरें, चौथा टी-20 आज

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

शुभमन गिल का खराब प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन साथ ही खराब फॉर्म से जूझे रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव भी समीक्षा के दायरे में हैं क्योंकि भारत बुधवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सही संतुलन तलाश कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगा।

तीसरे मैच में सूर्यकुमार के पास वह लय हासिल करने का अच्छा मौका था, जिसने उन्हें दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज बनाया था क्योंकि भारत 118 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया कर रहा था लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए।

एक समय उनका दबदबा स्थापित करने वाले शॉट अनियमित परिणाम दे रहे हैं और धर्मशाला में मैच भी अलग नहीं था क्योंकि वह अपना चिर-परिचित पिक-अप शॉट खेलते हुए आउट हुए, जो उनके निरंतर संघर्ष को उजागर करता है।



### द.अफ्रीका ने 28 में से गंवाए 18 मैच

दक्षिण अफ्रीका ने सबसे छोटे प्रारुप में 28 में से 18 मैच गंवाए हैं, जो प्रदर्शन में निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका को व्यवस्थित संयोजन की तलाश है और इसके लिए टीम प्रबंधन लगातार बदलाव कर रहा है, जिससे खिलाड़ी लय हासिल नहीं कर पा रहे और टीम को मैच गंवाने पड़े हैं। पिछले सत्र की उपविजेता टीम के पास नौ फरवरी को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच से पूर्व अंतिम एकादश को अंतिम रूप देने के लिए पांच मैच बचे हैं, जिसमें से दो भारत के खिलाफ जबकि तीन घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ हैं।

## सबालेंका लगातार दूसरी बार बनीं डब्ल्यूटीए की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। उन्हें अमेरिकी ओपन जीतने, दो अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने और सत्र का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करने के लिए मीडिया पैनल से लगभग 80 प्रतिशत वोट मिले।

सबालेंका पिछले 25 वर्षों में सेरेना विलियम्स और इगा स्वियातेक के साथ लगातार दो बार यह सम्मान जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। बेलारूस की 27 साल की सबालेंका 2025 में महिला टेनिस में मैच जीतने (63 जीत, 12 हार), खिताब जीने (चार) और फाइनल में पहुंचने (नौ) में सबसे आगे रहीं। उन्होंने एक करोड़ 50



लाख डॉलर की इनामी राशि जीतकर टूर रिकॉर्ड बनाया। वह पूरे साल नंबर एक खिलाड़ी रहीं। सबालेंका जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में मेडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोको गॉफ से हार गईं थी।

## 26 मार्च से आईपीएल का आगाज, 31 मई को फाइनल

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सत्र का आयोजन 26 मार्च से 31 मई तक किया जाएगा लेकिन यह देखना होगा कि भगदड़ में लोगों की मौत के कारण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सभी बड़े क्रिकेट आयोजन रुकने के बाद गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घरेलू मैदान को मेजबानी का मौका मिलता है या नहीं। स्थापित नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था लेकिन जब तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पूर्ण कार्यक्रम जारी नहीं करता तब तक स्थिति स्पष्ट होने की संभावना नहीं है। इस साल जून में आरसीबी के जीत के जश्न के दौरान सड़कों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद आयोजन स्थल पर अराजकता और भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि आयोजन स्थल को कर्नाटक सरकार से सशर्त मंजूरी मिल गई है लेकिन मौतों के बाद इसे आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने की भी आवश्यकता है।

### रहाणे ने खेली नाबाद 72 रन की पारी , मुंबई ने राजस्थान को तीन विकेट से हराया

पुणे। अजिंक्य रहाणे के नाबाद 72 रन और सरफराज खान के 22 गेंद में 73 रन की मदद से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ग्रुप बी के मैच में राजस्थान को तीन विकेट से हराया। रहाणे ने 41 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 72 रन बनाए लेकिन सरफराज ने 22 गेंद में 73 रन की पारी में सात छक्के और छह चौके जड़े। जीत के लिए 217 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई ने विकेट गंवाने के बावजूद रन गति बनाए रखी और 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**NIT NO: 127/15FC/RMC/2025** **RAIPUR DATED: 15.12.2025**

Online bids are invited for the following works of works up to **09.01.2026** at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposite | Time allowed for completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 181821 | Supply, Installation, Testing Commissioning of 3 Nos. EV Charging Stations at Identified Location of Raipur City (FY 2024- 25) | 90.01 Lakh | 5,000/- | 68,000/- | 06 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **15.12.2025, 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**SUPERINTENDING ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

## आज से शुरू होगा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स टूर्नामेंट

# 'ग्रुप ऑफ डेथ' में सात्विक-चिराग की अग्निपरीक्षा

एजेंसी ▸▸ हांगझोउ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 17 दिसंबर से शुरू होने वाले सत्रांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को उस ग्रुप में जगह मिली है, जिसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' (सबसे मुश्किल ग्रुप) माना जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हर वर्ग में आठ शीर्ष खिलाड़ी या जोड़ियां शामिल होती हैं, जिनका चयन विश्व टूर कैलेंडर में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। दुनिया की पूर्व नंबर एक और अब तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी इस एलीट प्रतियोगिता में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग को ग्रुप बी में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा क्योंकि इस ग्रुप में कई ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं।



### शीर्ष दो जोड़ियां बनाएंगी सेमीफाइनल में जगह

प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो जोड़ियां सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी और ऐसे में गलती की गुंजाइश बहुत कम है। सात्विक और चिराग ने इस साल कोई खिताब नहीं जीता लेकिन भारतीय जोड़ी ने चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए निरंतरता और लचीलापन दिखाया है। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक के साथ फॉर्म में वापसी की और हांगकांग ओपन तथा चीन मास्टर्स में उपविजेता रहे। भारतीय जोड़ी मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन, सिंगापुर ओपन, चीन ओपन और डेनमार्क ओपन में भी सेमीफाइनल में पहुंची।

### भारतीय जोड़ी का पहला मैच चीन से

भारतीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ करेगी, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं। इसके बाद उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगी। शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय जोड़ी अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी, जो पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता हैं। चिया और यिक को दूसरी वरीयता मिली है। आमने-सामने के रिकॉर्ड की बात करें तो सात्विक और चिराग ने दुनिया की सातवें नंबर की चीन की जोड़ी के खिलाफ तीन मैच जीते हैं जबकि सात मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी / जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में आवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं ।

**डिपो का नाम - काष्ठागार वाड्रफनगर**
**नीलाम दिनांक - 26.12.2025**
**समय - प्रातः 09:00 बजे से**

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली / डेंगरी | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली / डेंगरी |
| | | घ.मी. | नग | नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | 50.434 | 241 | 129.168 | 873 |
| 2 | साल | 495.425 | 1129 | 1767.099 | 617 |
| 3 | साजा | 23.274 | 107 | 59.507 | 19 |
| 4 | तिन्सा | - | - | - | - |
| 5 | बीजा, शीशम, खम्हार | 1.653 | - | 12.889 | 7 |
| 6 | हल्दु, मुडी, बांसा | 1.055 | - | 49.749 | - |
| 7 | धावड़ा | 2.228 | 76 | 2.281 | 8 |
| 8 | अन्य मिश्रित (सेमल) | 5.660 | 87 | 11.322 | 36 |
| 9 | नीलगिरी | 11.340 | 36 | - | - |
| 10 | सलया | - | - | - | - |
| 11 | खैर काष्ठ | - | - | - | - |
| | **योग :-** | **591.069** | **1676** | **2032.015** | **1560** |
| क्र | प्रजाति विवरण | | | | |
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी. X 1.25 X 0.80 मी. | 10 चट्टा | | 196 चट्टा | |

**टीपः-** (1) क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई - कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

**वनमण्डलाधिकारी**
**बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर**

G-252605500/3




दावा


न नदी, न समंदर, वैज्ञानिक भी रह गए हैरान

# धरती की इस जगह पर छिपा है पानी का सबसे बड़ा खजाना

पानी की बात करते ही हमारे दिमाग में यही आता है कि समंदर में सबसे ज्यादा पानी है। आपको बता दें कि धरती पर पानी का सबसे बड़ा भंडार न तो किसी नदी में है और न ही किसी महासागर में है।

**लंदन।** वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के अंदर हमारी पैरों के नीचे करीब 1,609 किलोमीटर गहराई में एक ऐसा जल-भंडार छिपा है, जो प्रशांत महासागर से भी बड़ा हो सकता है। यह पानी लिक्विड रूप में नहीं, बल्कि एक खास खनिज के भीतर बंद है और अरबों सालों से वहीं पर ही है।

बता दें कि वैज्ञानिकों का दावा है, पृथ्वी की निचली परत जिसे मेंटल कहा जाता है, उसके अंदर पानी की बहुत बड़ी मात्रा मौजूद हो सकती है। यह पानी इतना ज्यादा हो सकता है कि प्रशांत महासागर भी इसके सामने छोटा लगने लगे। धरती के अंदर एक ऐसा छिपा हुआ महासागर हो सकता है, जो अरबों सालों से ठोस चट्टानों के भीतर कैद पड़ा है।



### पानी को पकड़ने वाला खनिज

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने बताया कि धरती की गहराई में पाया जाने वाला एक आम खनिज, ब्रिजमैनाइट पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा पानी जमा कर सकता है। रिसर्च में यह भी सामने आया कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, यह खनिज और ज्यादा पानी अपने भीतर सोख लेता है। इससे यह संकेत मिलता है कि धरती का काफी पानी सतह पर आने के बजाय अंदर ही फंसा रह गया है।

### क्या शुरुआत से था पानी?

एक रिपोर्ट की माने तो पहले माना जाता था कि पृथ्वी का केंद्र पूरी तरह सूखा है। हालांकि, नई रिसर्च बताती है कि हमारा ग्रह शायद शुरुआत से ही इस अंदरूनी जल-भंडार के साथ बना था। ऐसा भी हो सकता है कि यह भंडार आज भी धरती के जिओलॉजिकल प्रोसेस को प्रभावित कर रहा हो।

### कितनी गहराई में है यह पानी

यह ना दिखाई देने वाला जल-भंडार हमारे पैरों के नीचे लगभग 1609 किलोमीटर की गहराई में मौजूद है। इतनी गहराई तक पहुंचना फिलहाल इंसान के लिए संभव नहीं है इसलिए यह पानी आज भी पूरी तरह रहस्य बना हुआ है। आपको बता दें कि यह पानी किसी झील या समुद्र की तरह तरल रूप में नहीं है। ब्रिजमैनाइट के अंदर पानी हाइड्रोजन परमाणुओं के रूप में खनिज की तरह बंधा हुआ है। यह ठोस चट्टानों के अंदर छिपा हुआ एक महासागर जैसा है।

### यह रिसर्च किसने की?

यह रिसर्च वेनहुआ लू के नेतृत्व में कार्नेगी इंस्टीट्यूशन फॉर साइंस के वैज्ञानिकों ने की। उन्होंने धरती के शुरुआती दौर की परिस्थितियों को समझने के लिए हाई-प्रेशर और हाई-टेम्परेचर प्रयोग किया। इन एक्सपेरीमेंट में 3,700 केल्विन से ज्यादा तापमान और 7 लाख एटमॉस्फियर से अधिक दबाव की स्थिति बनाई गई। जिससे निचले मेंटल की असली हालत को समझा जा सके।

# चांद पर कंपन कैसे हो रहा? बस्तियां बसाने वाले प्लान को लगा झटका

**वॉशिंगटन।** पहले कहानियों में चांद पर बसने की बातें होती थीं, लेकिन अब साइंटिस्ट इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। चीन, नासा, भारत चांद पर इंसानों को भेजने और वहां बेस बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। रूस और चीन तो 10 साल के अंदर चांद पर पॉवर प्लांट बनाने की तैयारी में हैं। अब चांद पर कंपन का पता चला है।

**चांद पर आ रहे भूकंप :** दो महीने से भी कम समय बाद नासा चार एस्ट्रोनॉट्स को चांद पर भेजने वाला है। 10 दिन का यह मिशन चांद पर उतरने और धरती पर सुरक्षित लौटने का होगा। क्रू तैयार है। इसके बाद 2027 का अलग प्लान है। इस बीच, एक स्टडी से चांद पर बस्ती बसाने के प्लान को शुरुआती झटका लगा है। हां, पता चला है कि चांद पर भी धरती की तरह भूकंप आ रहे हैं। इससे आप चांद पर कहीं भी ज्यादा दिन रहने के बारे में नहीं सोच सकते।

चांद पर कंपन नया खतरा पैदा कर रहा है। बडे.साइंटिस्ट थॉमस आर वाटर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के भूविज्ञानी निकोलस शमेर ने एक स्टडी में पाया है कि चांद पर बार-बार मूनक्वेक आते हैं और इस कारण अपोलो 17 के लैंडिंग वाले इलाके में बदलाव भी हुआ है। कुछ साइंटिस्टस इसकी वजह उल्कापिंडों का टकराना मान रहे थे।



### कैसे पता लगाया चांद पर भूकंप?


साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में वाटर्स और शमेर ने बताया है कि उन्होंने ली-लिंकन फॉल्ट के पास 3 की तीव्रता के झटकों का अनुमान लगाने के लिए चट्टानों के निशानों और भूस्खलन का अध्ययन किया। शमेर ने कहा कि उनके पास मोशन को मापने वाले उपकरण नहीं थे, इसलिए उन्होंने सतह के सुरागों पर भरोसा किया।

### चांद पर कहीं भी बस्ती नहीं

वाटर्स ने आगाह किया है कि भविष्य में चांद पर बेस या कहें कि बस्तियां बसाने की योजना बनाते समय इन सक्रिय फॉल्ट पर गौर करना होगा, क्योंकि ये एक्टिव हैं। वैसे उन्होंने यह भी कहा कि नुकसान पहुंचाने वाले भूकंप की रोजाना संभावना 20 मिलियन में से एक ही है, लेकिन लंबे समय तक रहने से जोखिम बढ़ जाता है।

### गंभीरता से करना होगा विचार

चांद पर ही टॉरस-लिट्रो वैली में बड़े-बड़े पत्थर बिखरे हुए दिखे हैं। हो सकता है कि कुछ उल्कापिंडों के टकराने से निकले हों, लेकिन कई पत्थरों के पास कोई क्रेटर के निशान नहीं हैं। सीनियर साइंटिस्टों ने इन पत्थरों का ऊंची ढलानों पर भी पता लगाया। पता चला कि उनके निशान टक्कर से बने मलबे के पैटर्न की बजाय भूकंपीय कंपन से ज्यादा मिलते हैं। नासा के साइंटिस्टों या एलन मस्क जैसे दिग्गजों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।







# शौक हो तो ऐसा! घर की छत पर खड़ा कर दिया 10 चक्का ट्रक

**जबलपुर।** अगर आप किसी ट्रक को मकान की छत पर खड़ा देखें तो क्या सोचेंगे? पहले तो आप हैरत में पड़ जाएंगे। उसके बाद मन में तरह-तरह के सवाल आएंगे। कुछ ऐसा ही होता है, जब जबलपुर-नागपुर हाईवे से गुजरते समय। यहां एक मकान की छत पर बड़ा सा ट्रक खड़ा है। दरअसल, ये ट्रक एक क्लिनर की मेहनत की निशानी है। ट्रक की सफाई से शुरू हुआ सफर, ट्रक मालिक तक पहुंच चुका है। इस सफर में क्लिनर से मालिक बने शख्स की ट्रक से दोस्ती हो गई। आज दोस्त ट्रक उनके दो



मंजिला मकान की छत पर खड़ा है। खास बात ये कि ट्रक अब भी चालू हालत में है। यह सफलता की कहानी जबलपुर के कारोबारी अमरकांत पटेल की है, जो दसवीं हो गए थे। फिर उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आगे क्या करें। इसके बाद उन्होंने ट्रक में क्लिनर का काम शुरू किया। घर में महज जमीन का टुकड़ा था। फेल होने के बाद घर के लोग डांटा करते थे। इसके बाद उन्होंने छोटी सी उम्र में परिवार से दूरी बनाकर, ट्रक में चलना सही समझा। ट्रक क्लिनर का काम शुरू किया। इसी दौरान अमरकांत ने क्लीनर का काम करते हुए ट्रक को अपना दोस्त बना लिया। अमरकांत ट्रक की कंडक्टिंग भी कर लेते थे, लेकिन उन्होंने सोचा, क्यों न ट्रक ड्राइविंग करना भी सीखा जाए।




# क्योटो में झड़ते बालों के लिए मांगी जाती है दुआ, गंजेपन से परेशान लोग करते हैं अनुष्ठान





**टोक्यो।** वर्तमान समय में दुनिया के ज्यादातर लोग झड़ते बालों से परेशान हैं। अब इस बीच एक मंदिर वायरल हो रहा है, जहां पर झड़ते बालों के लिए चिट्ठी लिखा जाती है। यह मंदिर जापान के क्योटो शहर के अराशियामा इलाके में मशहूर बैंबू फॉरेस्ट के पास स्थित है। अब दुनियाभर में लोगों का ध्यान अपनी अनोखी मान्यता के कारण खींच रहा है। मंदिर का नाम है मिकामी श्राइन है। यहां पर सुख और सफलता के लिए लोग मन्नत नहीं करते, बल्कि अपने बालों की सेहत के लिए प्रार्थना करते के लिए पहुंचते हैं।

**हेयरड्रेसर को समर्पित है मंदिर :** इस मंदिर की स्थापना 1960 में हुई थी, जो मिकामी श्राइन को फुजीवारा उनेमेनोसुके मसायुकी को समर्पित है। इन्हें जापान का पहला हेयरड्रेसर माना जाता है। बताया जाता है कि उनके काम से प्रभावित होकर सदियों तक जापान में नाई और हेयर सैलून हर महीने 17 तारीख को उनकी पुण्यतिथि के दिन अपनी दुकान बंद रखते हैं। इसके कारण अभी भी बड़ी संख्या में बार्बर, हेयर स्टाइलिस्ट और ब्यूटीशियन इस मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं।

### लिफाफे में बाल रखकर पुजारी करता है प्रार्थना

ट्रैवलर और कंटेंट क्रिएटर शर्विन अब्दोलहामिदी ने इस मंदिर में अपने अनुभव के बारे में सोशल मीडिया पर बताया है। इस बाद मंदिर की चर्चा होने लगी है। शर्विन खुद बाल झड़ने की समस्या से जूझ रहे हैं। वह यहां एक खास अनुष्ठान में शामिल हुए, जिसे कम्पात्सु के नाम से जानते हैं। इस अनुष्ठान में सबसे पहले एक लिफाफा खरीदना होता है, जिस पर श्रद्धालु अपना नाम और जन्मतिथि लिखता है। इसके बाद शिंतो पुजारी बालों की एक छोटी सी लट काटकर उस लिफाफे में रखकर बालों की सेहत के लिए प्रार्थना करता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com